# दुनिया भर में योगी के यूपी मॉडल की धूम : सचान

**>>> आईआईटीएफ 2024 में यूपी पवेलियन में पहुंचे तीन लाख से अधिक लोग, गोल्ड मेडल से सम्मानित हुआ यूपी पवेलियन**

**>>> बुधवार को आईआईटीएफ 2024 के समापन अवसर पर प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्री ने कहा, छोटे उद्यमियों को मिल रहा है वैश्विक मंच**



**नई दिल्ली। 27 नवंबर 2024** 43 वें अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले के अवसर पर प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्री राकेश सचान ने कहा कि योगी का यूपी मॉडल दुनिया भर में चर्चित हो रहा है। उन्होंने कहा, आईआईटीएफ 2024 इसका एक बहुत बड़ा उदाहरण है। यूपी पवेलियन में दुनिया भर के लोगों ने रुचि दिखाई, जहां 3 लाख से अधिक लोग पहुंचे और बी2बी और बी2सी संपर्कों के माध्यम से करोड़ों के ऑर्डर मिले।

मंत्री ने कहा, उत्तर प्रदेश आज न केवल सांस्कृतिक बल्कि बड़े औद्योगिक केंद्र के रूप में भी तेजी से उभर रहा है, जो देश के आर्थिक विकास में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा, आईआईटीएफ जैसे मंच हमारे कारीगरों और उद्यमियों को अपनी प्रतिभा और कौशल को दुनिया के सामने लाने का अवसर प्रदान करते हैं। यह उत्तर प्रदेश के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

**गोल्ड मेडल से सम्मानित हुआ उत्तर प्रदेश पवेलियन**

उत्तर प्रदेश पवेलियन ने आईआईटीएफ 2024 में अपनी एक विशेष पहचान स्थापित की और राज्य को वैश्विक निवेश और व्यापार के लिए एक केंद्र के रूप में सशक्त किया। इस विशेष उपस्थिति के चलते मेले के समापन अवसर पर उत्तर प्रदेश पवेलियन को गोल्ड मेडल से नवाजा गया और साथ ही साझेदार राज्य के रूप में विशेष प्रशंसा पदक से भी पुरस्कृत किया गया।

**कानपुर एफ. के इंटरनेशनल को मिला पहला पुरस्कार**

समापन अवसर पर प्रदेश सरकार की तरफ से यूपी पवेलियन में शानदार उपस्थिति के लिए पुरस्कार भी दिया गया। इसमें कानपुर की एफ. के इंटरनेशनल को 25 हजार रुपए का पहला, नोएडा की मोड रिटेल सेल्स एंड मार्केटिंग को द्वितीय पुरस्कार के रूप में 20 हजार रुपए, जबकि आजमगढ़ के विवर्स हैंडलूम विकास केंद्र को तृतीय पुरुकार के रूप में 15 हजार रुपए का चेक प्रदान किया गया।

**यूपी पवेलियन में 120 से अधिक स्टॉल थे शामिल**

आईआईटीएफ 2024 में उत्तर प्रदेश पवेलियन में 120 से अधिक स्टॉल शामिल थे, जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों और जनपदों का प्रतिनिधित्व किया, जिसमें प्रमुख योगदान भदोही, मुरादाबाद, कन्नौज और वाराणसी जैसे जनपदों का था। पवेलियन में ओडीओपी उत्पाद, हस्तशिल्प और एमएसएमई नवाचार को भी बखूबी प्रदर्शित किया गया, जिन्होंने राज्य की वैश्विक और घरेलू बाजार में बढ़ती पकड़ को दशार्या। भदोही की कालीन, मुरादाबाद की पीतल कारीगरी, कन्नौज का इत्र और वाराणसी की रेशमी साड़ियों ने लोगों को खूब आकर्षित किया।

**20 से अधिक स्टॉल्स महिला उद्यमियों ने किए संचालित**

यूपी पवेलियन में महिला उद्यमियों की खास उपस्थिति देखने को मिली। 20 से अधिक स्टॉल्स महिला उद्यमियों द्वारा संचालित किए गए, जिन्होंने ओडीओपी, हस्तशिल्प, कपड़ा उद्योग, खाद्य प्रसंस्करण और प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति दर्ज की। महिला उद्यमियों द्वारा विशेष रूप से चिकनकारी, बनारसी सिल्क, हैंडमेड ज्वैलरी और ऑर्गेनिक उत्पाद प्रदर्शित किए गए, जो परंपरा और नवाचार का बेहतरीन संगम था।

# नई दिल्ली में भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले का हुआ समापन।

## राजस्थान पवेलियन का लाखों लोगों ने किया भ्रमण।




**>>> राजस्थान पवेलियन में 30 लाख से ज्यादा का कारोबार।**

**नई दिल्ली।** 27 नवम्बर 2024। नई दिल्ली के प्रगति मैदान में बुधवार को सम्पन्न हुए चौदह दिवसीय 43 वें भारतीय अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार मेला में राजस्थान पवेलियन जन आकर्षण का प्रमुख केन्द्र रहा और लाखों लोगों ने पवेलियन का अवलोकन किया। राजस्थान पवेलियन के निदेशक श्री दिनेश शेठी ने बताया कि राजस्थान हस्तशिल्प के प्रति आकर्षण के चलते पवेलियन में करीब 30 लाख रु. का कारोबार हुआ। इसमें सबसे अधिक बिक्री जयपुरी रजाईयां, राजस्थानी हेंडीक्राफ्ट और राजस्थानी परिधानों के साथ-साथ राजस्थानी खानपान की हुई। इसके अलावा पवेलियन में स्थापित किए गये "राइजिंग राजस्थान समिट- 2024" से संबंधित निवेशकों और आगंतुकों को जानकारी के लिए बनाए गए बिजनेस और पर्यटन के सेंटरों पर देश-विदेश से आये हुए प्रतिनिधि मंडलों ने पूछताछ की और राजस्थान की विकास और पर्यटन से संबंधित परियोजनाओं के सम्बन्ध में जानकारियां प्राप्त की। 14 दिन तक चले व्यापार मेले में विभिन्न देशों के गणमान्य प्रतिनिधियों ने भी राजस्थान पवेलियन का भ्रमण कर राजस्थानी कला संस्कृति और हैंडीक्राफ्ट से ओतप्रोत पवेलियन की भूरी-भूरी प्रशंसा की तथा राजस्थानी आर्टिजंस के साथ रूबरू होकर अपने अनुभव बांटे।

# जहां तक हमारी बात है, हम इन मुद्दों को संसद और लोगों के समक्ष उठाते रखेंगे।



**नई दिल्ली।** 27 नवंबर, 2024 इसमें आश्चर्य की बात नहीं है कि मोदानी इकोसिस्टम ने आज सुबह-सुबह एक बड़ा कानूनी शिगूफा छोड़ा है। ऐसे समय में जब उन्हें अन्य देशों में हो रही गंभीर कार्रवाई का सामना करना पड़ रहा है, और उन सिस्टम्स को वे न तो डरा सकते और ही खत्म कर सकते हैं, तब मोदानी इकोसिस्टम इंकार कर-के डैमेज कंट्रोल का प्रयास कर रहा है। लेकिन यह हास्यास्पद प्रयास अमेरिकी एजेंसियों द्वारा लगाए गए आरोपों की गंभीरता को कम नहीं कर सकता। इस तथ्य से कोई इंकार नहीं कर सकता है कि न्याय विभाग के आरोप में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि गौतम र अडानी, सागर फ अडानी और अन्य लोगों ने भारत सरकार के अधिकारियों को रिश्वत की पेशकश करने, अधिकृत करने, देने और वादा करने की एक योजना तैयार की। अधिकारियों के प्रभाव के कारण ही राज्य की बिजली वितरण कंपनियां एएउक के साथ PSAs में आईं। इसमें यह भी कहा गया है कि उन्होंने राज्य की बिजली वितरण कंपनियों द्वारा PSAs को लागू करवाने के लिए "भारत सरकार के अधिकारियों को करीब 2,029 करोड़ रुपए (लगभग 265 मिलियन डॉलर) की रिश्वत की पेशकश की और वादा किया। इसके अलावा इसमें उच्चतम स्तर पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया गया है, जिसमें कहा गया है कि सागर फ अडानी और विनीत र जैन ने "भारतीय ऊर्जा कंपनी की सहायक कंपनी को 2.3 गीगावॉट PPA के फिर से आवंटन के लिए एएउक की प्रक्रिया को गुप्त रूप से प्रभावित किया।" (पैरा 70) भारतीय सौर ऊर्जा निगम (SECI) केंद्रीय नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के तहत एक सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम है। कायदे से, एऊ CBI और SEBI को इन खुलासों के मद्देनजर सक्रिय रूप से जांच करनी चाहिए। भ्रष्ट राजनीतिक-व्यावसायिक गठजोड़ के औजार के रूप में कार्य करने के बजाय, उनका काम यह है कि वे राष्ट्र के प्रति अपना दायित्व निभाएं। यह हमारे संस्थानों और उनमें महत्वपूर्ण पदों पर बैठे भारतीयों के लिए अपने दायित्व को निभाने का समय है। इतिहास इस क्षण को न तो माफ करेगा और न ही भूलेगा। जहां तक हमारी बात है, हम इन मुद्दों को संसद और लोगों के समक्ष उठाते रखेंगे।

# अमेरिका में वारंट जारी होने के बाद से तो दुनिया भर में अडानी के कारनामों का डंका बज रहा है: सुप्रिया श्रीनेत



**नई दिल्ली।** 27 नवंबर, 2024 फ्रांस की कंपनी टोटल एनर्जी ने अडानी ग्रूप में भविष्य के किसी भी निवेश पर रोक लगा दी है। टोटाल एनर्जी दुनिया की 7 सुपर पॉवर एनर्जी कंपनी में से एक है और अडानी ग्रीन में उसका 20% हिस्सा है। अमेरिकी एजेंसी अडानी समर्थित श्रीलंकाई बंदरगाह परियोजना के लिए 550 मिलियन डॉलर के ऋण की फिर से जांच कर रही है। श्रीलंका स्वयं अडानी पॉवर की डील को रिव्यू कर रहा है। इजराइल के हाइफा पोर्ट पर अडानी श्रमिकों के विवाद और विरोध से जूझ रहे हैं। केन्या की सरकार ने अडानी की पॉवर और एयरपोर्ट डील रद्द कर दी। बांग्लादेश के कोर्ट ने अडानी के बिजली डील की जाँच के आदेश दिए। ऑस्ट्रेलिया में पहले ही अडानी के खिलाफ जबरदस्त विरोध प्रदर्शन हो रहा है स्विट्जरलैंड ने अडानी के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग और जालसाजी की जांच के तहत कई स्विस बैंक खातों में 2617 करोड़ रुपए फ्रीज कर दिए थे। अमेरिका ने तो धोखाधड़ी और घूस देने के लिए वारंट निकाले ही हैं।

### आईआईटीएफ 2024 का समापन

# अगले वर्ष इसे नई ऊर्जा और अधिक विविधताओं के साथ आयोजित करने का संकल्प





**नई दिल्ली।** 27 नवंबर, 2024 को समापन दिवस पर भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले के ऐतिहासिक 43वें संस्करण का समापन किया गया। इस उल्लेखनीय आयोजन की स्मृति में एक समापन समारोह आयोजित किया गया।

**श्री प्रेमजीत लाल, कार्यकारी निदेशक,** आईटीपीओ ने खुशी से घोषणा की, कि इस वर्ष प्रतिभागियों द्वारा अच्छी मात्रा में व्यवसाय उत्पन्न किया गया है। उन्होंने बताया कि मेले में दस लाख से अधिक आगंतुक आए। उन्होंने न केवल प्रिंट मीडिया बल्कि सोशल मीडिया में भी व्यापक कवरेज के लिए मीडिया की प्रशंसा की । विभिन्न श्रेणियों में सभी पुरस्कार विजेताओं की प्रशंसा करते हुए श्री प्रेमजीत लाल ने आईआईटीएफ प्रारूप में उनके निरंतर विश्वास के लिए प्रतिभागियों और आगंतुकों की सराहना की। उन्होंने इस आयोजन को घटना मुक्त बनाने के लिए दिल्ली पुलिस और अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों के निरंतर प्रयासों की भी सराहना की । आईटीपीओ ने विभिन्न श्रेणियों में प्रदर्शकों को पुरस्कार भी प्रदान किए।

राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की श्रेणी में पुडुचेरी को स्वर्ण पदक, मेघालय को रजत पदक और कर्नाटक को कांस्य पदक प्रदान किया गया। इसके अलावा पंजाब, पश्चिम बंगाल और त्रिपुरा को विशेष प्रशंसा प्रमाण-पत्र भी प्रदान किए गए।

राज्यों की श्रेणी में विषयगत प्रस्तुति में मध्य प्रदेश ने स्वर्ण पदक जीता, ओडिशा को रजत पदक और असम को कांस्य पदक प्रदान किया गया। महाराष्ट्र, पंजाब और तमिलनाडु को विशेष प्रशंसा प्रमाण-पत्र भी प्रदान किए गए। आईआईटीएफ में आईटीपीओ ने स्वच्छ भारत अभियान का भी पालन किया और प्रदर्शकों तथा आगंतुकों के बीच सफाई और स्वच्छता के बारे में जागरूकता बढ़ाई तथा स्वच्छ मंडप को भी पुरस्कार दिया गया जिसमें गोवा को स्वर्ण, केरल को रजत, हरियाणा को कांस्य तथा उत्तराखंड और गुजरात को भी प्रशंसा पुरस्कार प्रदान किया गया। विदेशी मंडपों में, ट्यूनीशिया गणराज्य के दूतावास को स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया और मिस्र (मिलानो बाजार) ने रजत पदक जीता, जबकि कांस्य पदक तुर्की, टिल्लो हेडियेलिक एस्या सनायितिसरेट लिमिटेड सेरकेटी और थाईलैंड (थाई एसएमई निर्यातक संघ) को प्रदान किया गया। मंत्रालयों और विभागों, पीएसयू, पीएसबी और कमोडिटी बोर्ड श्रेणी में भारतीय रिजर्व बैंक ने स्वर्ण पदक जीता, पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने रजत पदक प्राप्त किया, जबकि भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआइ) ने कांस्य पदक जीता। कोल इंडिया लिमिटेड और सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया को विशेष प्रशंसा प्रमाण-पत्र प्राप्त हुए। भारत को सशक्त बनाने के लिए (मंत्रालय एवं सरकारी विभाग/ सरस / केवीआईसी / सामाजिक न्याय मंत्रालय) ग्रामीण विकास मंत्रालय (सरस) को स्वर्ण पदक, खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) को रजत पदक, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई) तथा पंचायती राज मंत्रालय को कांस्य पदक प्रदान किया गया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय शारीरिक दिव्यांगजन संस्थान तथा उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) और एनएचडीसी - राष्ट्रीय हथकरघा विकास निगम (एनएचडीसी) को विशेष प्रशंसा पुरस्कार प्रदान किया गया।

निजी क्षेत्र में जीना रंजीत एंड संस एलएलपी ने स्वर्ण पदक जीता, सुप्रीम इंडस्ट्रीज लिमिटेड (सुप्रीम फर्नीचर) ने रजत पदक प्राप्त किया और आनंदा डेयरी लिमिटेड ने कांस्य पदक जीता। मित्तल इलेक्ट्रॉनिक्स (सुजाता), हमदर्द फूड्स इंडिया और रोमाना हर्बलकेयर प्राइवेट लिमिटेड (रोजा, हाइचटिंग मिस्ट) को विशेष प्रशंसा पुरस्कार दिया गया।

अपने "धन्यवाद ज्ञापन में श्रीमती हेमा मैती ने मेले के सफल आयोजन में 'टीम आईटीपीओ' के सामने आने वाली विभिन्न चुनौतियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने 'टीम आईटीपीओ', सभी सहयोगी एजेंसियों और श्रमजीवियों की भी सराहना की, जिन्होंने रसद, सफाई व्यवसाय सृजन, भागीदारी, सुरक्षा और प्रवेश नियंत्रण उपायों तथा आगंतुकों की संख्या के मामले में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। उन्होंने मीडिया को भी उनके अच्छे सकारात्मक कवरेज के लिए धन्यवाद दिया, जो आगंतुकों को उनकी सुविधाजनक यात्रा के लिए विभिन्न पहलों से संबंधित संवेदनशील बनाने में सार्थक रहा है।

# भारत सरकार राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग ने यूपी के संभल में दंगों के संबंध में मीडिया रिपोर्टों पर स्वतः संज्ञान लिया। 24.11.2024 को. मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, जिले में हिंसा तब भड़की जब मुगलकालीन जामा मस्जिद के सर्वेक्षण का विरोध कर रही भीड़ सुरक्षाकर्मियों से भिड़ गई। चौबीस पुलिस और प्रशासन कर्मी घायल हो गए और चार लोगों के मारे जाने की खबर है। आयोग ने 26 11 2024 को मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश राज्य सरकार से मामले पर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है।

NATIONAL COMMISSION FOR MINORITIES

# जमात-ए-इस्लामी हिंद के प्रतिनिधिमंडल का संगठित दौरा



**नई दिल्ली।** जमात-ए-इस्लामी हिंद के एक प्रतिनिधिमंडल ने आज संभल का दौरा किया, प्रतिनिधिमंडल ने एकजुटता और सद्भावना व्यक्त करते हुए पीड़ितों से मुलाकात की। शहर के धार्मिक और धार्मिक अधिकारियों से मुलाकात की और शहर की स्थिति और 24 नवंबर को क्या हुआ, इसका विवरण जाना। प्रतिनिधिमंडल ने मृतक के उत्तराधिकारियों से धैर्य रखने का आग्रह किया और उन्हें सभी कानूनी सहायता और मार्गदर्शन का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल ने शहर के प्रभावशाली कार्यकताओं और वकीलों से भी मुलाकात की जो इन मामलों की पैरवी कर रहे हैं या कानूनी कार्यवाही में सक्रिय हैं। प्रतिनिधिमंडल ने मस्जिद की नई कमेटी और कुछ पुरानी कमेटी के सदस्यों से भी मुलाकात की। उक्त प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व राष्ट्रीय मामलों के सचिव श्री शफी मदनी साहब ने किया, उक्त प्रतिनिधिमंडल में उत्तर प्रदेश पश्चिम निर्वाचन क्षेत्र के अमीर श्री जमीरुल हसन फलाही, श्री वसीक नदीम, इनामुर रहमान, श्री मुहम्मद सलमान और निर्वाचन क्षेत्र के कई अन्य अधिकारियों ने भाग लिया।

# एमबीए प्रवेश परीक्षा के लिए पंजीकरण की अंतिम तिथि 30 नवंबर

नई दिल्ली, नवंबर : राष्ट्रीय स्तर की प्रमुख एमबीए प्रवेश परीक्षा, द जेवियर एप्टीट्यूट टेस्ट ने 2025 के लिए रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि की घोषणा की है। उम्मीदवारों को 30 नवम्बर तक रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया पूरी करनी होगी। यह परीक्षा 5 जनवरी को दोपहर 2 बजे से शाम 5:30 बजे तक आयोजित की जाएगी। रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया 15 जुलाई 2024 से शुरू हुई थी। परीक्षा का आयोजन भारत भर के 250 से अधिक बिजनेस स्कूल्स में प्रवेश के लिए किया जाता है। इस साल, 34 नए टेस्ट शहर जोड़े गए हैं, जिससे उम्मीदवारों के लिए परीक्षा देने की पहुंच और अधिक सुविधाजनक हो गई है। कन्वेनर डॉ. राहुल शुक्ला ने कहा, यह परीक्षा देश भर के छात्रों को मैनेजमेंट में करियर बनाने का अवसर देती है और हम हर उम्मीदवार को सहज अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# केजरीवाल ने बीजेपी पर क्यों लगाया स्लम टूरिज्म का आरोप?

## दिल्ली चुनाव से पहले खेला बड़ा दांव

**दिल्ली।** विधानसभा चुनाव 2025 नजदीक आने के साथ, पूर्व मुख्यमंत्री और संयोजक अरविंद केजरीवाल ने भारतीय जनता पार्टी पर कटाक्ष करते हुए उस पर स्लम टूरिज्म में शामिल होने का आरोप लगाया। केजरीवाल ने अपनी पार्टी के शासन मॉडल को देश के लिए एक ब्लूप्रिंट के रूप में प्रचारित किया, और इसकी तुलना भाजपा की दिल्ली की मलिन बस्तियों में फोटो-ऑप्स पर ध्यान केंद्रित करने की राजनीतिक रणनीति से की।

केजरीवाल ने कहा कि जैसे लोग गोवा जैसी जगहों पर छुट्टियां मनाने जाते हैं, वैसे ही बीजेपी नेता स्लम टूरिज्म पर जाते हैं। आज शाम, कुछ बीजेपी नेता स्लम इलाकों में जाएंगे और रुकेंगे। यह गरीबी का मजाक है। आप संयोजक ने आगे कहा कि उन्होंने अपने जीवन के 10 साल झुग्गियों में बिताए और झुग्गीवासियों से भाजपा की राजनीति से सावधान रहने का आग्रह किया क्योंकि वे भविष्य में बुलडोजर से उनके घरों को ध्वस्त कर सकते हैं। केजरीवाल ने पार्टी विधायकों और नेताओं से सफाई कर्मचारियों को चाय के लिए अपने घरों में आमंत्रित करने का भी आग्रह किया। मैं नई दिल्ली क्षेत्र के सफाई कर्मचारियों को अपने घर चाय पर आमंत्रित कर रहा हूं। परसों से सभी विधायक और पार्षद उन्हें अपने घर आमंत्रित करें। उनके घर जाना आसान है, लेकिन उन्हें अपने घर बुलाना जरूरी है। उन्होंने कहा, हमारा चिह्न झाड़ू है, जो देश सेवा, और व्यवस्था की साफ-सफाई करने के हमारे मिशन का प्रतीक है। पार्टी के अब तक के सफर पर, केजरीवाल ने दिल्ली मॉडल के माध्यम से देश में राजनीति को नया रूप देने में इसकी भूमिका के बारे में बात की।

# गुरुद्वारा राजौरी गार्डन में विषेष समागम सम्पन्न



नई दिल्ली, नवंबर : दिल्ली के गुरुद्वारा राजौरी गार्डन में गुरु नानक देव जी के प्रकाष पर्व को समर्पित होकर एक सप्तार तक विषेष समागम करवाए जिसमें पंथ प्रसिद्ध रागी जत्थों के द्वारा गुरबाणी कीर्तन संगतों को श्रवण करवाया गया। गुरु नानक पब्लिक स्कूल के बच्चों ने भी इस मौके पर मनोहर कीर्तन कर सभी का मन मोह लिया। कथा वाचक प्रचारकों के द्वारा गुरु नानक देव जी के इतिहास की जानकारी संगत को दी गई। 1 दिसम्बर दिन रविवार को एक विषाल नगर कीर्तन गुरुद्वारा साहिब ने निकाला जायेगा।

गुरुद्वारा साहिब के अध्यक्ष हरमनजीत सिंह, जनरल सैकेट्री मनजीत सिंह खन्ना ने बताया कि गुरु नानक देव जी के प्रकाष पर्व को समर्पित होकर पूरे एक सप्ताह तक सुबह और रात्रि को विषेष दीवान सजाए गए जिसमें जगजीत सिंह बबीहा जैसे पंथ प्रसिद्ध रागी जत्थों को बुलाकर कीर्तन करवाया गया। डा मनप्रीत सिंह, डा हरबन सिंह के द्वारा गुरु इतिहास की जानकारी दी गई। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि 1 दिसम्बर को सुबह 10 बजे गुरुद्वारा साहिब से गुरु ग्रन्थ साहिब की छत्रछाया में नगर कीर्तन निकाला जाएगा जो पूरे राजौरी गार्डन का भ्रमण कर रात्रि में गुरुद्वारा साहिब में आकर समाप्त होगा। उन्होंने संगत से अपील की है कि जो भी संगत नगर कीर्तन का स्वागत स्टाल लगाकर करना चाहे करे मगर खर्च में कुछ कटौती कर बच्चों की एजूकेषन पर उस पैसे को खर्च करना चाहिए जिससे कौम के बच्चो का भविष्य उज्जवल बनाया जा सके।

# उच्चतम न्यायालय ने यमुना एक्सप्रेसवे के विकास के लिए भूमि अधिग्रहण को बरकरार रखा

उच्चतम न्यायालय ने एक अहम फैसले के तहत उत्तर प्रदेश के गौतम बुद्ध नगर जिले में यमुना एक्सप्रेसवे और उसके आसपास के क्षेत्रों के एकीकृत विकास के लिए भूमि अधिग्रहण की वैधता को मंगलवार को बरकरार रखा। शीर्ष अदालत ने जमीन मालिकों और यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (वाईईआईडीए) की ओर से दायर अपील और क्रॉस-अपील पर सुनवाई के दौरान यह आदेश पारित किया। ये मामले इलाहाबाद उच्च न्यायालय के दो विरोधाभासी फैसलों से उपजे थे। एक फैसले में वाईईआईडीए की ओर से भूमि अधिग्रहण को बरकरार रखा गया था, जबकि दूसरे फैसले में अति आवश्वयक धाराओं को लागू करते हुए किसानों की जमीन अधिग्रहीत करने की राज्य सरकार की कार्रवाई रद्द कर दी गई थी। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने जमीन मालिकों की याचिकाएं खारिज कर दीं, जबकि वाईईआईडीए की ओर से दाखिल अर्जियों को स्वीकार कर लिया। इसी के साथ भूमि अधिग्रहण अधिनियम-1894 के अति आवश्यक प्रावधानों को लागू करने पर लंबे समय से चले आ रहे विवाद का समाधान हो गया। न्यायमूर्ति मेहता ने पीठ के लिए 49 पन्नों का फैसला लिखते हुए कहा कि अधिग्रहण को यमुना एक्सप्रेसवे के विकास के लिए अहम माना गया है। फैसले में इस बात पर जोर दिया गया कि एक्सप्रेसवे का निर्माण और आसपास के क्षेत्रों का विकास सार्वजनिक-हित की एक एकीकृत परियोजना के दो अविभाज्य घटक हैं। इसमें कानून के अति आवश्यक प्रावधानों को लागू करने के फैसले को बरकरार रखा गया है और कहा गया है कि यह क्षेत्र की विकास नीति के तहत उचित था। फैसले में कहा गया है कि अवैध निर्माण और अतिक्रमण के बारे में चिंता और तेजी से विकास की आवश्यकता के कारण संबंधित कानून के तहत सामान्य जांच को दरकिनार करना जरूरी है।

# छात्रों के दो गुटों में चले जमकर लात घुसे, बेल्ट, पुलिस ने हिदायत देकर छोड़ा

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुर।** बुधवार को नगर में एक मोहल्ले में कोचिंग सेंटर से पढ़ाई के बाद अपने-अपने घरों को जा रहे छात्रों के दो गुटों में मामूली बात को लेकर जमकर मारपीट हो गई जिसमें दोनों ओर से जमकर बेल्ट, लात घुसे चले दोनों छात्रों के गुटों के दो-दो छात्र मामूली रूप से चोटिल हो गए सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों गुटों के छात्रों को कोतवाली में ला कर बैठा लिया, वहीं पुलिस द्वारा छात्रों के परिजनों को सूचना दी गई मौके पर पहुंचे छात्रों के परिजनों के सामने दोनों और से एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाए गए, तथा दोनों छात्र गुटों के अभिभावको द्वारा भविष्य में झगड़ा न करने का लिखित में आश्वासन दिया गया, जिसके बाद झगड़ा करने वाले दोनों छात्रों के गुटों के छात्रों को छोड़ दिया गया ' वही इस संबंध में क्राइम इंस्पेक्टर बालेंद्र सिंह ने बताया कि किसी बात को लेकर दो छात्रों में झगड़ा हुआ था लेकिन परिजनो द्वारा लिखित में आश्वासन दिया गया है तथा समझौता होने के बाद दोनों को छोड़ दिया गया है।

# शुक्रमपाल राणा ने आदमपुर थाना अध्यक्ष की संभाली कमान

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुर।** पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह द्वारा दिए गए आदेश के क्रम में शुक्रमपाल सिंह राणा ने एस पी के आदेश पर आदमपुर थाना अध्यक्ष की कमान संभाली ली, 25 नवंबर को पुलिस अधीक्षक कुमार अनुपम सिंह द्वारा कई थानों के अध्यक्ष एवं चौकी प्रभारीयो का स्थानांतरण किया गया था जिसमें गजरौला चौकी पर तैनात दरोगा शुक्रमपाल सिंह राणा का स्थानांतरण आदमपुर थाना अध्यक्ष के लिए कर दिया गया, जिसमें 25 तारीख की रात को ही आदमपुर थाने पर पहुंचकर उन्होंने थाना अध्यक्ष की कमान संभाली, वहीं अब तक थाना अध्यक्ष रहे शोकेंद्र सिंह बालियान का जनपद से बाहर स्थानांतरण होने के कारण पुलिस लाइन में उन्हें भेजा गया है, वही इस संबंध में नव आगंतुक थाना अध्यक्ष सुकर्म पाल सिंह राणा ने बताया कि क्षेत्र में किसी भी प्रकार का क्राइम बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि क्षेत्र में या तो क्राइम करने वाले क्राइम छोड़ दें या फिर जेल जाने के लिए तैयार रहे, उन्होंने बताया कि नारी सुरक्षा सम्मान पर उनका विशेष



फोकस रहेगा तथा संविधान के अनुसार कार्य किया जाएगा।

# राहुल गांधी व अखिलेश यादव के संभल पहुंचने की संभावना को लेकर पुलिस ने चलाया सघन चेकिंग अभियान

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**अमरोहा।** बुधवार को भी अमरोहा पुलिस सड़कों पर नजर आई, संभल हिंसा को लेकर अब राजनीति गरमाने लगी है जहां एक और प्रशासन ने संभल में बाहरी व्यक्तियों के प्रवेश पर पाबंदी लगा रखी है वहीं राजनेता भी अपनी राजनीतिक रोटियां सेकने से बाज नहीं आ रहे, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी के संभल जाने के ऐलान तथा सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के संभल जाने की घोषणा के बाद पुलिस प्रशासन अमरोहा क्षेत्र से संभल की ओर जाने वाले सभी वाहनों को रोक रोक कर सघन चेकिंग



कर रहा है, जिसमें अमरोहा जनपद के हापुड़ बॉर्डर पर तथा मुरादाबाद बॉर्डर पर, बिजनौर एवं अन्य जिलों की सीमाओं पर पुलिस एक-एक गाड़ी की रोक-रोक कर तलाशी ले रही है पुलिस की मनसा है कि कोई भी राजनेता संभल न पहुंचे क्योंकि राजनेताओं के संभल पहुंचने के कारण सांप्रदायिकता को बल मिलेगा और संभल की स्थिति खराब ना हो इसी को लेकर प्रशासन पूरी तरह से फूंक फूंक कर कदम रख रहा है और भारी पुलिस बल सड़कों पर सघन चेकिंग में लगा हुआ है।

# बीएसएनएल ले आया 200 दिनों की वैधता वाला सबसे सस्ता प्लान

**लोकतंत्र लखनऊ।** शिवम मिश्रा BSNL का यह रिचार्ज प्लान 200 दिनों की लंबी वैधता प्रदान करता है. इसमें अनलिमिटेड वॉइस कॉलिंग की सुविधा दी गई है, जो इसे कॉलिंग के लिए एक आदर्श विकल्प बनाता है सरकारी टेलिकॉम कंपनी BSNL देश में काफी तेजी से अपना विस्तार कर रही है पिछले दिनों जब प्राइवेट टेलिकॉम कंपनियों ने प्लान्स की कीमतों बढ़ाई थीं, तबसे ही लोग अब बीएसएनएल, की ओर शिफ्ट होना शुरू कर चुके हैं ऐसे में बीएसएनएल भी अपने नेटवर्क का देश में काफी तेजी से विस्तार कर रही है वहीं BSNL ने एक ऐसा रिचार्ज प्लान पेश किया है जो की सबसे कम कीमत में अधिक वैधता प्रदान करता है आपकी जानकारी के लिए बता दें कि BSNL का यह रिचार्ज प्लान 200 दिनों की लंबी वैधता प्रदान करता है इसमें अनलिमिटेड वॉइस कॉलिंग की सुविधा दी गई है, जो इसे कॉलिंग के लिए एक आदर्श विकल्प बनाता है हालांकि, इस प्लान में इंटरनेट डेटा की सुविधा उपलब्ध नहीं है. यह उन यूजर्स के लिए फायदेमंद है जो मुख्य रूप से कॉलिंग के लिए प्लान तलाशते हैं997 रुपये वाले प्लान में यूजर्स को अनलिमिटेड कॉलिंग, डेली 100 फ्री एसएमएस और रोजाना 2G हाई-स्पीड डेटा की सुविधा दी जाती है. यह प्लान 160 दिनों की वैधता के साथ आता है और उन यूजर्स के लिए बेहतरीन है जो कॉलिंग और डेटा दोनों सेवाओं की आवश्यकता रखते हैंJio, Airtel और Vodafone Idea जैसी कंपनियां इरठछ की तरह 200 दिनों की वैधता वाले प्लान नहीं पेश करतीं BSNL ने किफायती दरों और लंबी वैधता के साथ बाजार में एक अलग पहचान बनाई है भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (TRAI) ने सभी टेलीकॉम ऑपरेटरों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि वे अपने नेटवर्क कवरेज की जानकारी जियोस्पैटियल मैप्स के माध्यम से पब्लिश करें. इन मैप्स में 2G 3G 4G और 5G सेवाओं की उपलब्धता को स्पष्ट रूप से दिखाना अनिवार्य होगा. BSNL के ये सस्ते और लंबे समय तक चलने वाले प्लान निश्चित रूप से उन यूजर्स को आकर्षित करेंगे जो कम कीमत में बेहतरीन सेवाएं चाहते हैं।

# इजराइल में रोजगार के लिए योगी सरकार की अनूठी पहल

**लोकतंत्र की शान/कौशल रस्तोगी**

प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने बुधवार को लखनऊ के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), अलीगंज में आयोजित एक कार्यक्रम में भारत-इजराइल ड्राइव 3.0 के तहत श्रमिकों का उत्साहवर्धन किया। इस पहल के माध्यम से उत्तर प्रदेश के कुशल श्रमिकों को इजराइल में रोजगार के अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। मंत्री ने बताया कि भारत-इजराइल ड्राइव 3.0 के तहत लगभग 5,000 कुशल श्रमिकों को इजराइल भेजा जाएगा। इस योजना के माध्यम से अब तक 9,000 से अधिक श्रमिकों को भवन निर्माण, मॉल प्रबंधन और तकनीकी कार्यों जैसे क्षेत्रों में रोजगार उपलब्ध कराया गया है। श्रमिकों को मिलेगा 1.25 लाख से 1.5



लाख मासिक वेतन, सरकार की ओर से श्रमिकों की दक्षता बढ़ाने के लिए भाषा और कौशल सुधार प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं, ताकि वे अपने कार्यस्थल पर बेहतर प्रदर्शन कर सकें और वैश्विक प्रतिस्पर्धा में सफल हो सकें। निदेशक, प्रशिक्षण एवं सेवायोजन, नेहा प्रकाश (आईएएस) द्वारा स्वागत संबोधन किया गया । राजकीय आईटीआई लखनऊ के प्रधानाचार्य राजकुमार यादव ने बताया की अभी तक 1300 से अधिक श्रमिकों का स्किल टेस्ट हो चुका है । कौशल विकास मंत्री ने निरीक्षण के दौरान राजकीय आईटीआई अलीगंज के कार्यों पर प्रशन्नता व्यक्त किया तथा प्रधानाचार्य राज कुमार यादव को सफल आयोजन के लिए उनकी प्रशन्सा भी की। इस अवसर पर विधायक लखनऊ उत्तरी डॉ. नीरज बोरा, निदेशक प्राविधिक डी. के. सिंह, हेड एन.एस.डी.सी. साइना कुरैसी, हेड पीबा इजराइल सी मारग्रेटा, अपर निदेशक मानपाल सिंह, अपर निदेशक पी.के. पुण्डीर, संयुक्त निदेशक अनिल वर्मा, आर. आर. यादव एवं उपनिदेशक पी. के. शाक्यवार की उपस्थिति रही।

# दुनिया के मंचों पर भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की छाप छोड़ेगा महाकुम्भ 2025: सीएम योगी

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज दौरे पर महाकुम्भ की तैयारियों का लिया जायजा, आयोजन को दी रफ्तार

**प्रयागराज, 27 नवंबर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को प्रयागराज दौरे पर महाकुम्भ की तैयारियों को गति देते हुए मेला क्षेत्र में सुरक्षा, स्वच्छता मित्रों व गंगा सेवादूतों के लिए 237.38 करोड़ के उपकरण व विकास परियोजनाओं का अनावरण किया। इस अवसर पर सीएम योगी ने कहा कि ये हमारा सौभाग्य है कि प्रयागराज के दुनिया के इस सबसे बड़े आध्यात्मिक और सांस्कृतिक आयोजन के साथ हम सबको जुड़ने का अवसर प्राप्त हो रहा है। वेणी माधव भगवान ने, मां गंगा ने, हम सबको ये अवसर दिया है कि हम सभी लोग मिलकर इस भव्य और दिव्य आयोजन में सहभागी बनकर देश और दुनिया से आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं को प्रयागराज की महत्ता के बारे में बताएं। इस पौराणिक और दुनिया के सबसे बडे आध्यात्मिक और सांस्कृतिक समागम के माध्यम से प्रयागराज, उत्तर प्रदेश और भारत की इस समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की छाप दुनिया के मंचों पर देगा। इस आयोजन से जुड़ने का सौभाग्य हम सबको प्राप्त हुआ है तो यह जरूर पूर्वजन्मों के पुण्यों का ही प्रताप है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन की तैयारी तेजी से आगे बढ़ रही है। सीएम योगी ने कहा कि 13 जनवरी से 26 फरवरी तक होने जा रहे इस आयोजन के सफलतापूर्वक संपन्न होने के बाद आप सभी का अभिनंदन करने फिर यहां आएंगे।

**2019 में स्वच्छता, सुरक्षा और सुव्यवस्था का प्रतिबिंब बना था कुम्भ**

अपने उद्बोधन में सीएम योगी ने कहा कि दिव्य, भव्य और डिजिटल कुम्भ की परिकल्पना को साकार करने के लिए प्रयागराज महाकुम्भ आयोजन की नींव स्वच्छताकर्मी, सफाईकर्मी, नाविक और इस पूरे



अभियान से जुड़े हुए जितने भी कार्मिक हैं उन्हें शुभकामनाएं देता हूं। प्रयागराज का कुम्भ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा और मार्गदर्शन में पूरे देश और दुनिया में प्रयागराज को एक वैश्विक छवि के रूप में स्थापित करने में सफल रहा है। एक भव्य, दिव्य कुम्भ के साथ ही कुम्भ भी स्वच्छता, सुरक्षा और सुव्यवस्था का एक प्रतिबिंब बन सकता है, कुम्भ के माध्यम से आने वाला हर व्यक्ति एक सुकून महसूस करके असीम आध्यात्मिक शांति की अनुभूति करता हो, यह दृश्य 2019 के प्रयागराज कुम्भ में देखने को मिला था। प्रयागराज कुम्भ के उस कार्यक्रम में स्वच्छ कुम्भ की परिकल्पना को साकार करने वाले स्वच्छता कर्मियों को प्रधानमंत्री जी ने उनके पैर धोकर उस समय संदेश दिया था कि स्वच्छ कुम्भ की नींव और उसकी आधारशिला कोई है तो वो सफाई कर्मचारी हैं, उनका सम्मान और अभिनंदन होना चाहिए।

# वाहन चोर गैंग का पदार्फाश कर 05 शातिर अभियुक्त हुए गिरफ्तार

## थाना सुशांत गोल्फ सिटी को मिली बड़ी सफलता

**लोकतंत्र। की शान/कौशल रस्तोगी**

दिनांक 09.11.2024 को थाना सुशान्त गोल्फ सिटी पर वादी शिवम वर्मा पुत्र विरेन्द्र निवासी पीरपुर कोठी जनपद बाराबंकी द्वारा अवगत कराया गया कि दिनांक 04.11.2024 को दोपहर 3:15 बजे 3.30 बजे कल्याण सिंह कैंसर संस्थान के परिसर से वादी की मोटर साइकिल संख्या UP32 एम एल 4602 चोरी हो जाने के सम्बन्ध मे ई-एफ0आई0आर0 मु0अ0सं0 मु0अ0स0-597/24 तथा वादी अभिषेक सिंह पुत्र नरेन्द्र सिंह निवासी 14/60 विकास नगर लखनऊ द्वारा अवगत कराया गया कि दिनांक 26.10.2024 को शाम करीब 05 से 06 बजे के मध्य कैंसर इंसटिट्यूट की पार्किंग से मोटरसाईकिल नं. UP77ER 0453 चोरी हो जाने के सम्बन्ध मे मु0अ0स0-618/24, साथ ही एक अन्य मुकदमा सहित पंजीकृत कराया गया था उपरोक्त पर कार्रवाई करते हुए उ0नि0 श्री शिवाकांत तिवारी द्वारा उपरोक्त तीनो मुकदमो की विवेचना के क्रम मे श्रीमती किरन यादव सहायक पुलिस आयुक्त गोसाईंगंज लखनऊ व निरीक्षक धीरेन्द्र सिंह थाना सुशान्त



गोल्फ सिटी लखनऊ द्वारा घटना के अनावरण हेतु टीम गठित कर इस्कान मंदिर के पहले एक खाली प्लाट की तरफ दबिश देकर पुलिस टीम द्वारा उन व्यक्तियों को घेर कर पकड़ लिया गया। पांचो व्यक्तियो से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम क्रमशः 1. सत्यम रावत उर्फ लाली पुत्र मतई रावत 2. सनी गौतम पुत्र अयोध्या प्रसाद 3. अभिषेक रावत पुत्र शिवकुमार 4. राज रावत पुत्र ओमप्रकाश रावत 5. अमित कुमार रावत पुत्र अंगनू रावत बताया । अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है । सभी अभि0गणो से कडाई से पूछने पर बताया गया कि हम लोग अस्पतालो व अन्य सरकारी संस्थानो के बाहर खडी मोटर साइकिल चोरी करते है और चोरी करके यही झाड़ियो में लाकर छुपा देते है और बाद मे मौका देखकर ग्राहक तय कर यहा से ले जाकर उन्हें बेच देते है और प्राप्त पैसो को आपस में बराबर हिस्सों में बाँट लेते है और अपना शौक पूरा करते है। अभियुक्तों के पास से 08 दो पहिया वाहन बरामद हुए। सभी शातिर किस्म के अभियुक्त है इन सभी पर पहले से ही अभियोग पंजीकृत है और जानकारी की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में, निरी0 धीरेन्द्र सिंह,उ0नि0 शिवाकांत तिवारी,उ0नि0 हिमांचल सिंह, उ0नि0 अखिलेश कुमार, उ0नि0 राम प्रवेश साहनी, उ0नि0 कनक कुमार यादव, उ0नि0 प्रशिक्षु नवनीत शर्मा, उ0नि0 प्रशिक्षु गौरव कुमार, उ0नि0प्र0 बादल सरोहा, उ0नि0प्र0 सूरज सिंह, का0 मनोज यादव, साहबदीन, आकाश कुमार, प्रदीप सिंह शामिल रहे।

# 8 दिसंबर को निकलने वाली शौर्य यात्रा को लेकर वाल्मीकि मंदिर पर हुई बैठक

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुर।** बुधवार को विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल खंड लालबाग की एक बैठक बाल्मीकि बस्ती में महर्षि वाल्मीकि मंदिर में संपन्न हुई, बैठक में आगामी 8 दिसंबर को नगर के श्रीमती सुखदेवी इंटर कॉलेज के मैदान से निकाले जाने वाली शौर्य यात्रा के आयोजन को और भी भव्य बनाने के विषय पर विचार विमर्श हुआ, बैठक में बोलते हुए विश्व हिंदू परिषद के हसनपुर प्रखंड के अध्यक्ष मोहित



अग्रवाल ने बताया कि 8 दिसंबर को शौर्य यात्रा निकाली जाएगी जो नगर के श्रीमती सुखदेवी इंटर कॉलेज के मैदान से प्रारंभ होगी तथा विभिन्न हिंदू बस्तियों से घूमती हुई शिवाला मंदिर पर आकर संपन्न होगी, वहीं उन्होंने सनातन धर्म के लोगों से भारी संख्या में शौर्य यात्रा में शामिल होने का आह्वान किया है, इस मौके पर मुख्य रूप से लालबाग खंड के अध्यक्ष विजय पारछा, सत्संग प्रमुख कोमल कुमार, संयोजक राहुल वाल्मीकि, देवेंद्र कुमार, गुड्डू कुमार, वीरेंद्र सिंह, बजरंग दल संयोजक राहुल हिंदुस्तानी, सुरक्षा प्रमुख वरुण अग्रवाल आदि सनातन धर्म के लोग मौजूद रहे।

# दुनिया के मंचों पर भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की छाप छोड़ेगा महाकुम्भ 2025: सीएम योगी

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज दौरे पर महाकुम्भ की तैयारियों का लिया जायजा, आयोजन को दी रफ्तार

**प्रयागराज, 27 नवंबर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को प्रयागराज दौरे पर महाकुम्भ की तैयारियों को गति देते हुए मेला क्षेत्र में सुरक्षा, स्वच्छता मित्रों व गंगा सेवादूतों के लिए 237.38 करोड़ के उपकरण व विकास परियोजनाओं का अनावरण किया। इस अवसर पर सीएम योगी ने कहा कि ये हमारा सौभाग्य है कि प्रयागराज के दुनिया के इस सबसे बड़े आध्यात्मिक और सांस्कृतिक आयोजन के साथ हम सबको जुड़ने का अवसर प्राप्त हो रहा है। वेणी माधव भगवान ने, मां गंगा ने, हम सबको ये अवसर दिया है कि हम सभी लोग मिलकर इस भव्य और दिव्य आयोजन में सहभागी बनकर देश और दुनिया से आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं को प्रयागराज की महत्ता के बारे में बताएं। इस पौराणिक और दुनिया के सबसे बडे आध्यात्मिक और सांस्कृतिक समागम के माध्यम से प्रयागराज, उत्तर प्रदेश और भारत की इस समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की छाप दुनिया के मंचों पर देगा। इस आयोजन से जुड़ने का सौभाग्य हम सबको प्राप्त हुआ है तो यह जरूर पूर्वजन्मों के पुण्यों का ही प्रताप है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन की तैयारी तेजी से आगे बढ़ रही है। सीएम योगी ने कहा कि 13 जनवरी से 26 फरवरी तक होने जा रहे इस आयोजन के सफलतापूर्वक संपन्न होने के बाद आप सभी का अभिनंदन करने फिर यहां आएंगे।



# सीएम योगी ने किया नागवासुकि का दर्शन, गंगा पुत्र भीष्म की उतारी आरती

## प्रयागराज दौरे पर विभिन्न कार्यक्रमों के साथ ही मुख्यमंत्री योगी ने नागवासुकि मंदिर में किए दर्शन और पूजन

**प्रयागराज। 27 नवम्बर :** महाकुम्भ की तैयारियों को परखने प्रयागराज पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का विशेष ध्यान प्राचीन मंदिरों एवं धार्मिक स्थलों पर रहा। प्रयागराज में विभिन्न कार्यक्रमों के साथ ही मुख्यमंत्री योगी नागवासुकि मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचे। यहां उन्होंने नागवासुकि मंदिर में दर्शन और पूजन किया। यहां सीएम योगी ने नागवासुकि की प्रतिमा को माला पहनाकर उनका आशीर्वाद लिया। इसके बाद सीएम योगी ने गंगा पुत्र भीष्म का भी दर्शन किया। साथ ही पुष्प अर्पित कर आरती भी उतारी। उनके साथ उप मुख्यमंत्री केशव मौर्य, नगर विकास मंत्री एके शर्मा, जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल नंदी, समेत अन्य जनप्रतिनिधि एवं मंदिर के पुजारी भी मौजूद थे।



# नगर में जाम की समस्या को लेकर राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं आरटीआई परिषद के प्रदेश महासचिव ने की एस पी से की वार्ता

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुर।** बुधवार को नगर में बढ़ते जाम की समस्या को लेकर राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं आर टी आई परिषद के प्रदेश महासचिव अरुण कुमार त्यागी ने जिले के पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह से दूरभाष पर नगर में जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए ट्रैफिक पुलिस की तैनाती के लिए आग्रह किया, वहीं श्री त्यागी ने पुलिस अधीक्षक से बताया कि नगर में एक बाइक पर तीन, चार युवक बैठकर नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं तथा तीव्र होरन और पटाखे छोड़ने वाले मोटरसाइकिल वालों पर भी रोक लगाने की अपील की, वही इस संबंध में पुलिस अधीक्षक ने उनकी बात को ध्यानपूर्वक सुनते हुए अपनी डायरी में नोट किया और जल्दी ट्रैफिक पुलिस की तैनाती करने का आश्वासन दिया, वही एस पी ने प्रदेश महासचिव अरुण त्यागी को बताया की तीव्र होरन और पटाखे छोड़ने वाले मोटरसाइकिल स्वरों पर हसनपुर पुलिस को शक्ति से पेश आने का आदेश दे दिया गया है यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाने वालों को बक्सा नहीं जाएगा।



# हरियाणा

## अच्छी नागरिक सोच पैदा करने के लिए संविधान का ज्ञान होना जरुरी है : महीपाल ढांडा



मंत्री महीपाल ढांडा को सम्मानित करते डीसी डा. वीरेंद्र दहिया व कालेज समिति के पदाधिकारी।

पानीपत, नवंबर : एसडी पीजी कॉलेज में जिला प्रशासन पानीपत और कॉलेज एनएसएस के संयुक्त तत्वाधान में 26 नवम्बर संविधान दिवस पूरे सम्मानपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में क्विज भी आयोजित की गई जिसमे सभी ने भाग लिया और क्विज मास्टर की भूमिका खुद प्राचार्य डॉ.अनुपम अरोड़ा ने अदा की। क्विज और लघु नाटिका में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने कहा कि 140 करोड़ लोगों को एक सूत्र में चलाने का काम संविधान करता है। चीजों को बारीकी से समझने वाले व्यक्तित्वों ने ही संविधान का निर्माण किया था। दुनिया के संविधानों से अच्छी बातें चुनकर एक मजबूत लोकतंत्र की स्थापना की गई। हमारा संविधान एक अमूल्य धरोहर है। परन्तु आज चिंता का विषय यह है कि नागरिकों को अपने अधिकारों की तो चिंता है परन्तु वे अपने कर्तव्य नहीं निभाना चाहते। हमें अपने अधिकारों और कर्तव्यों में संतुलन बनाना होगा। आज का छात्र कल का नहीं आज का ही नागरिक है।

### संविधान दिवस पर आयोजित क्विज प्रतियोगिता में उपायुक्त ने दिया प्रश्न का सही उत्तर, मंत्री ने किया सम्मानित

हमें मैं को छोडकर हम को अपनाना होगा। इस समारोह का उद्देश्य छात्र-छात्राओं और प्राध्यापकों को भारतीय संविधान के बारे में जानकारी देना तथा उन्हें उनके अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना है। एसडी एजुकेशन सोसाइटी के प्रधान अनूप गर्ग, सचिव नरेश गोयल, कॉलेज प्रधान दिनेश गोयल, जनरल सेक्रेटरी महेंद्र अग्रवाल, कोषाध्यक्ष विशाल गोयल और प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा ने आए हुए अतिथियों का अंग-वस्त्रम और पौधा-रोपित गमला भेंट करके किया। प्राचार्य डॉ.अनुपम अरोड़ा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और कहा कि भारतीय संविधान अपने आप में बेजौड और अद्भुत है और प्रत्येक भारतीय को इसे एक बार अवश्य पढना चाहिए। इस मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. पंकज यादव, जिला शिक्षा अधिकारी राकेश बूरा आदि मौजूद रहे। मंच संचालन प्राध्यापिका डॉ.संतोष कुमारी ने किया।

# भारतीय संविधान न्याय, समानता व स्वतंत्रता के सिद्धांतों को स्थापित करता है : राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय

## ओपी जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी में संविधान दिवस के अवसर पर किया संबोधित

### कहा, हमारा संविधान हमारे मौलिक अधिकारों की रक्षा करता है और दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की आधारशिला रखता है



हरियाणा के महामहिम राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय उपस्थितगण को सम्बोदित करते हुए।

सोनीपत, नवंबर : हरियाणा के महामहिम राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि भारतीय संविधान दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की आधारशिला के रूप में हमारे मौलिक अधिकारों की रक्षा करता है। यह हमारे देश में न्याय, समानता और स्वतंत्रता के सिद्धांतों को स्थापित करता है।

श्री दत्तात्रेय मंगलवार को ओपी जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी में संविधान दिवस के अवसर पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने अपने संबोधिन में कहा कि आज युवा पीढ़ी पर संविधान की पवित्रता को बनाए रखने और उसे संरक्षित करने की बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि हमारा संविधान दुनिया का सर्वश्रेष्ठ संविधान है।

हमारे संविधान का विस्तृत ढांचा विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका की शक्ति को संतुलित करता है और जवाबदेह कानून का शासन सुनिश्चित करता है।

उन्होंने कहा कि हमारा संविधान मौलिक अधिकारों और नीति-निर्देशक सिद्धांतों को जोडकर एक समावेशी, न्यायपूर्ण व प्रगतिशील समाज के निर्माण के प्रति गहरी प्रतिबद्धता को दशार्ता है। हमारा संविधान लोकतांत्रिक आदर्शो और समावेशिता के प्रतीक के रूप में देश की विविधता में एकता के प्रमाण के रूप में खड़ा है उन्होंने कहा कि हमारा संविधान वंचित वर्गो के लिए शिक्षा के अधिकार, सम्मान के अधिकार, समानता के अधिकार और न्याय के अधिकार के लिए भी प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि आज प्रथम संविधान सभा के दूरदर्शी सदस्यों को याद करने का भी अवसर है, जहां डॉ. बी.आर. अंबेडकर ने महान संविधान का निर्माण किया और उसका मसौदा तैयार किया, जिसने भारत को दुनिया के सबसे बड़े गणराज्य के रूप में स्थापित किया। संविधान को गहन अध्ययन, शोध और विद्वत्ता के बाद लिखा गया था, जो भारत जैसे विविधतापूर्ण देश में एक वास्तविक चुनौती थी। आज यह 140 मिलियन भारतीयों की महत्वाकांक्षाओं और मूल्यों का प्रतिनिधित्व करता है।

यह दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की नींव के रूप में, संविधान समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व के आधार पर अपने नागरिकों के मौलिक अधिकारों की रक्षा करता है।

कार्यक्रम में सभी ने अपने विचार भी रखे। कार्यक्रम में राई से विधायक कृष्णा गहलावत, सोनीपत से विधायक निखिल मदान, खरखौदा से विधायक पवन खरखौदा, गन्नौर से विधायक देवेंद्र कादियान, भाजपा जिलाध्यक्ष जसबीर दोदवा, एडीसी अंकिता चौधरी, सीटीएम रेणुका नांदल सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन की ऐतिहासिक पहल कर भारत में एक स्वर्णिम युग की शुरूआत की है : आचार्य देवव्रत



कुरुक्षेत्र, नवंबर : भारत के किसानों, भारत की भूमि, भारत के पर्यावरण और भारत के नागरिकों के स्वास्थ्य कल्याण के लिए भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन की ऐतिहासिक पहल कर भारत में एक स्वर्णिम युग की शुरूआत की है। गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भेंट कर प्राकृतिक कृषि को मिशन मोड में पूरे देश में लागू करने के लिए उनको अंतःकरण पूर्वक धन्यवाद दिया। राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने कहा कि, यह ऐतिहासिक कदम हमारे किसानों और कृषि क्षेत्र के लिए एक नई दिशा तय करेगा। उन्होंने इस महत्वपूर्ण निर्णय के लिए माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया, जिनके दूरदर्शी नेतृत्व में यह योजना संभव हो सकी है। आचार्य देवव्रत ने कहा कि राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन से सभी के लिए स्वास्थ्यवर्धक और सुरक्षित खाद्य पदार्थ उपलब्ध होंगे। देश के किसानों की खेती की लागत बिल्कुल कम होगी और बाहरी इनपुट पर निर्भरता घटाने में देश को बड़ी मदद मिलेगी। मृदा स्वास्थ्य और जैव विविधता में सुधार होगा। स्वस्थ मृदा पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण और संरक्षण होगा। देश में विविध फसल प्रणाली को प्रोत्साहन मिलेगा जो सतत खेती के लिए किसानों को प्रेरित करेगा।

# हमारा संविधान विश्व में सवश्रेष्ठ, इसी की बदौलत हम विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक गणराज्य : मोहन लाल बड़ौली

### ॅभाजपा कार्यालय में संविधान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में किया संबोधित



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली उपस्थितगण को सम्बोधित करते हुए।

चंडीगढ़/सोनीपत, नवंबर : भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि आज संविधान दिवस का पवित्र अवसर है जब हम उन सभी महान आत्माओं को याद करते हैं जिन्होंने बाबा साहिब भीम राव अंबेडकर के मार्गदर्शन में हमें विश्व का सबसे बेहतरीन संविधान दिया। इसी संविधान की बदलौत आज हम पूरे विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक गणराज्य के रूप में हमारी पहचान है। श्री मोहन लाल बड़ौली मंगलवार को बीजेपी कार्यालय में संविधान दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे।

अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान को 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा द्वारा सौंपा गया था और इसके बाद 26 जनवरी 1950 को इसे लागू किया गया।

अब प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने इस दिवस को सभी को मनाने और भावी पीढ़ी तक इस महत्व को पहुंचाने का निर्णय लिया है। मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि हमारा संविधान लोकतांत्रिक आदर्शो और समावेशिता के प्रतीक के रूप में देश की विविधता में एकता के प्रमाण के रूप में खड़ा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की सरकार और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश की सरकार भी भारतीय संविधान की इन्हीं सिद्धांतों को सर्वोपरि रखकर उन लोगों का ध्यान रख रही है जिन्हें बुनियादी सुविधाओं व सामाजिक न्याय की सबसे ज्यादा आवश्यकता है।

इस अवसर पर विधायक कृष्णा गहलावत, विधायक निखिल मदान,विधायक पवन खरखौदा, विधायक देवेंद्र कादियान, भाजपा जिलाध्यक्ष जसबीर दोदवा, राजीव जैन, मुख्यमंत्री के ओएसडी वीरेंद्र बढखालसा, रविंद्र दिलावर, महासचिव नवीन मंगला, निशांत छोकर, डा. ओमप्रकाश आत्रेय, जिला परिषद चेयरमैन मोनिका दहिया सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# 14 दिसंबर तक निः शुल्क अपडेट करा सकते हैं आधार कार्ड : उत्तम सिंह

## 10 साल पुराने आधार कार्ड को अपडेट करवाना आवश्यक

**करनाल, सुखविंदर सोही**

**करनाल।** उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में आधार कार्ड सबसे अहम दस्तावेज है और 10 साल पुराने आधार कार्ड को अपडेट करवाना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि यूआईडीएआई द्वारा आधार कार्ड को अपडेट करवाने की अंतिम तिथि 14 दिसंबर 2024 की गई है। नागरिक स्वयं भी http://uidai.gov.in/ वेबसाइट पर जाकर अपना आधार कार्ड अपडेट कर सकते हैं। इसके अलावा किसी भी सीएससी व आधार सेंटर पर जाकर अपना आधार कार्ड अपडेट करवाया जा सकता है। उपायुक्त ने बताया कि आधार कार्ड मुफ्त में अपडेट करने की आखिरी तारीख 14 दिसंबर 2024 तक बढ़ा दी गई है। आधार की जानकारी मुफ्त में अपडेट करने की सुविधा सिर्फ यूआईडीआई के ऑनलाइन पोर्टल पर ही उपलब्ध है। अपनी पहचान और पते के दस्तावेज myaadhaar.uidai.gov.in पर अपने आधार नंबर से लॉग इन करके अपडेट कर सकते हैं। ऑनलाइन अपडेट की सुविधा सिर्फ उन्हीं लोगों के लिए है, जिनका मोबाइल नंबर उनके आधार से लिंक है। उपायुक्त ने आमजन से आह्वान करते हुए कहा कि जिन व्यक्तियों ने पिछले 10 सालों में आधार कार्ड को अपडेट नहीं करवाया है, वे अपने आधार कार्ड में समय रहते अपडेशन जरूर करवा लें ताकि उन्हें भविष्य में सरकारी योजना का लाभ लेने व अन्य किसी प्रयोजन में परेशानी व समस्या का सामना न करना पड़े। आधार



कार्ड को अपडेट के लिए जो दस्तावेज इस्तेमाल करते हैं उस पर आपका नाम, जन्मतिथि सही होनी चाहिए। आधार कार्ड अपडेट कराने के लिए रिहायशी प्रमाण पत्र या अन्य निर्धारित पहचान पत्र ऑनलाइन अपलोड करना होगा। आधार कार्ड धारक द्वारा ऑनलाइन अपडेट करने पर किसी प्रकार के शुल्क की अदायगी नहीं करनी होगी। उन्होंने बताया कि आधार कार्ड धारक माईआधार पोर्टल से आधार ऑनलाइन सेवाओं।

# सरकार दे रही किसानों को 24 फसलों पर एमएसपी : सहकारिता कारागार, निर्वाचन, विरासत एवं पर्यटन मंत्री–डॉ अरविंद शर्मा

## मिलों को घाटे में नहीं जाने दिया जाएगा।

>>> मंत्री ने किया 68 वे पिराई सत्र का शुभारंभ
>>> कार्यक्रम में किसानों व उत्कृष्ट कार्य करने वालों को भी किया सम्मानित।



**पानीपत, बिट्टू संधू**

**हरियाणा।** के सहकारिता कारागार, निर्वाचन, विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने जिले के गांव डाहर स्थित पानीपत सहकारी चीनी मिल के 68 वें पिराई सत्र का मंगलवार को बटन दबाकर शुभारंभ करते हुए कहा कि आज का दिन किसानों के लिए खास दिन है। किसानों पर राज्य व केंद्र सरकार मेहरबान है। किसानों को आधुनिक शुगर मिल की जो सौगात बीजेपी सरकार ने दी थी उसके परिणाम भी सार्थक दिखाई दे रहे हैं। सरकार ने किसानों को पूरा मान सम्मान दिया है। किसानों की पुरानी मांग शुगर मिल की थी उसको पूरा किया है। यह पहली सरकार है जो किसानों को 24 फसलों पर एमएसपी देकर उनके विकास में सहयोगी साबित हो रही है। कार्यक्रम में सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा को उपायुक्त एवं पानीपत सहकारी चीनी मिल के अध्यक्ष डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया ने स्मृति चिन्ह प्रदान किया। मंत्री ने मिल प्रबंधन को निर्देश दिए की वे इस बात की निगरानी बरते की कितनी बिजली व चीनी का उत्पादन मिल में हो रहा है। मंत्री ने मिल प्रबंधन को गंभीरता पूर्वक कार्य करने के निर्देश भी दिए। मंत्री ने कहा कि किसानों की मिल संबंधी कोई भी समस्या नहीं आनी चाहिए इस पर विशेष ध्यान देंना होगा। प्रदेश के शुगर मिलों को घाटे मैं नहीं जाने दिया जाएगा। ऐसी व्यवस्था की जाएगी की कि सभी शुगर मिल मुनाफा दे। उन्होंने शाहबाद शुगर मिल की प्रगति की भी अपने संबोधन में चर्चा की व किस तरह से वहां का शुगर मिल आगे बढ़ रहा है इस पर भी प्रकाश डाला। मंत्री ने कहा कि किसानों को चाहिए कि वो।

# गुरु नानक खालसा कालेज में मनाया संविधान दिवस

**करनाल सुखविंदर सोही**




**करनाल।** गुरु नानक खालसा कालेज करनाल में लीगल सेल तथा एनएसएस के सौजन्य से संविधान दिवस मनाया गया जिसमे कालेज के स्टाफ तथा छात्र छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान प्राध्यापकों तथा विद्यार्थियों को संविधान अनुपालना की शपथ दिलाई गई। एनएसएस अधिकारी तथा राजनीति विज्ञान के अध्यक्ष प्रो. अजय ने कहा कि संविधान हमें न केवल अपने अधिकारों से परिचित करवाता है अपितु हमे हमारे कर्तव्यों का भी बोध करवाता है। लीगल सेल के इंचार्ज डॉ बीर सिंह में कहा कि संविधान हमें समानता का अधिकार, स्वतंत्रता का अधिकार, धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार व अभिव्यक्ति का अधिकार प्रदान करता है। लोगों को उनके अधिकार दिलवाने तथा न्याय व्यवस्था में संविधान का अहम रोल है। प्रो. अंजू चौधरी ने कहा कि संविधान दिवस पर हम सब प्रण लें कि राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देते हुए संविधान को जानना ओर समझना परम आवश्यक है। प्रो. प्रदीप कुमार ने नीति निर्देशक सिद्धान्तों पर प्रकाश डाला और मंच का संचालन किया। प्रो. अनिल कुमार सिंह ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर डॉ दीपक, डॉ जतिंदरपाल सिंह, प्रो. मनीष, डॉ बलजीत कौर, प्रो. अर्शिया गर्ग, डॉ वीना, प्रो. भावना शर्मा, डॉ कृष्ण राम, प्रो. कुलदीप एवं भारी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कॉलेज प्रबंधन समिति के प्रधान स. कंवरजीत सिंह प्रिंस व प्राचार्या प्रो. शशि मदान ने प्राध्यापकों एवम विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी।

# राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान ने उत्पाद लॉन्च और स्पोर्टिंग आइकन के साथ मनाया राष्ट्रीय दुग्ध दिवस



**करनाल, बिट्टू संधू**

**करनाल।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान ने भारत की श्वेत क्रांति के वास्तुकार डॉ. वर्गीस कुरियन की जयंती के उपलक्ष्य में मंगलवार को राष्ट्रीय दुग्ध दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया। कार्यक्रम में पद्मश्री कंवल सिंह चौहान सहित भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद सदस्य, नई दिल्ली के डॉ. जी.एस. राजोरहिया, निदेशक मंडल, एन.डी.डी.बी. आनंद सभी सम्मानित गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत डॉ. कुरियन को पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ हुई, जिसमें भारत को दुनिया के सबसे बड़े दूध उत्पादक देश में बदलने में उनके दूरदर्शी नेतृत्व को स्वीकार किया गया। कार्यक्रम में निदेशक और कुलपति डॉ. धीर सिंह, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान ने डेयरी विज्ञान और प्रौद्योगिकी की उन्नति में संस्थान के योगदान के बारे में बात की। उन्होंने जलवायु परिवर्तन, आपूर्ति श्रृंखला दक्षता और डेयरी उत्पादों में मूल्यवर्धन जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए शोधकताओं, किसानों और उद्योग हितधारकों के बीच सहयोगात्मक प्रयासों की आवश्यकता पर जोर दिया। डॉ. धीर सिंह ने डेयरी क्षेत्र के सतत विकास को सुनिश्चित करते हुए अनुसंधान, शिक्षा और आउटरीच में उत्कृष्टता के लिए राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान की प्रतिबद्धता दोहराई। कंवल सिंह चौहान ने सहकारी मॉडल के माध्यम से ग्रामीण किसानों को सशक्त बनाने में डॉ. कुरियन के महत्वपूर्ण योगदान पर जोर दिया। उन्होंने डेयरी क्षेत्र में वैज्ञानिक नवाचार और व्यावहारिक कार्यान्वयन के बीच अंतर को बांटने में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान जैसे अनुसंधा।

# नशे से दूर रहें और स्वस्थ जीवन अपनाए- हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो का नशा मुक्त हरियाणा अभियान

**कुरुक्षेत्र सुखविंदर सोही**

**हरियाणा।** राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो प्रमुख/ पुलिस महानिदेशक श्री ओपी सिंह साहब के दिशानिदेशों एवं पुलिस अधीक्षक श्रीमती पंखुरी कुमार के मार्गदर्शन में ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने आज कुरुक्षेत्र में साइकिल चलाकर नशे के विरुद्ध लोगों को जागरूक किया तो दूसरी और आर्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल कुरुक्षेत्र में नशे के विरुद्ध एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। विद्यालय के प्राचार्य बीआर सैनी की अध्यक्षता में विद्यालय के सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों ने भाग लिया। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने विद्यार्थियों को बताया कि नशा किस प्रकार मनुष्य के जीवन के लिए घातक है। नशे से क्या क्या व्याधियां हो रही हैं। किस प्रकार मनुष्य का तन मन और धन इस की भेंट चढ़ रहा है। विस्तारपूर्वक विद्यार्थियों को नशे के बुरे प्रभावों से दूर रहने के लिए प्रेरित करते हुए उनसे वातार्लाप के माध्यम से स्वस्थ रहने बारे भी प्रेरित किया। ब्यूरो के हेल्पलाइन नंबर 9050891508 पर चर्चा की और बताया कि इस पर गुप्त सूचनाएं देकर नशा मुक्त हरियाणा अभियान में सहयोग करें। साथ ही पर्यावरण



संरक्षण और सड़क सुरक्षा के साथ साथ साइबर अपराध से बचने बारे जागरूक किया। कार्यक्रम के अंत में शपथ ग्रहण करवाई।

# विशेष अनुदान पर दिया जा रहा सोलर होम लाइट सिस्टम : एडीसी

## पहले आओ- पहले पाओ के आधार पर दिया जा रहा सोलर होम लाइट सिस्टम

**करनाल, सुखविंदर सोही**

**करनाल।** नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग के मुख्य परियोजना अधिकारी एवं अतिरिक्त उपायुक्त यश जालुका ने बताया कि जिले में वर्ष 2023-24 के लिए 45 होम लाइटिंग सिस्टम अनुदान पर वितरित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस प्रणाली में 75 वाट का सोलर पैनल, 30 एएच 12.8 वोल्ट लीथियम बैटरी, पांच वाट की दो एलईडी लाइट्स व एक टेबल पंखा शामिल हैं। इस उपकरण की कुल कीमत लगभग 14 हजार 250 रुपये है जिस पर राज्य सरकार की ओर से 10 हजार रुपये का विशेष अनुदान दिया जा रहा है तथा लाभार्थी को केवल 4250 रुपये में दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि



अनुसूचित जाति परिवार से संबंधित राजकीय स्कूल में पढ? वाली लड़कियां तथा अनुसूचित जाति परिवार के वे व्यक्ति, जिनके वर्ष 2018 के बाद प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अथवा इंदिरा आवास योजना के तहत मकान बने हैं, यह उपकरण प्राप्त करने के लिए लघु सचिवालय के द्वितीय तल पर स्थित अतिरिक्त उपायुक्त के कार्यालय कमरा नंबर 16 में आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय में संपर्क करें। उन्होंने बताया कि यह सोलर होम लाइट सिस्टम पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर दिया जाएगा।

# बिजली शिकायतों की सुनवाई 28 को

**करनाल, बिट्टू संधू**

**उत्तर हरियाणा।** बिजली वितरण निगम के अधीक्षक अभियन्ता कशिक मान ने बताया कि 28 नवंबर को प्रातः11 बजे हरियाणा बिजली वितरण निगम रोहतक कॉन्फ्रेंस हॉल, एसई/ओपी सर्कल, यूएचबीवीएन,झज्जर (जवाहर बाग स्टेडियम के सामने, झज्जर)में बिजली संबंधी शिकायतें सुनी जाएंगी। शिकायतों की सुनवाई परिचालन उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम के अध्यक्ष करेंगे। अधीक्षक अभियन्ता कशिक मान ने बताया कि स्थानीय अधिकारियों से मिलने के बाद भी जिन शिकायतों का समाधान नहीं हो पा रहा है, ऐसे उपभोक्ता फोरम के समक्ष शिकायत रख सकते हैं। ऐसे उपभोक्ता जिनका बिजली संबंधी केस कोर्ट में विचाराधीन है तथा जिनकी शिकायत या मामला दो वर्ष से पुराना है, सुनवाई के पात्र नहीं होंगे। बिजली चोरी संबंधी शिकायतें भी बैठक में नहीं सुनी जाएंगी।

CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### एएसपी ने परेड की ली सलामी

**चित्रकूट।** अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी ने पुलिस लाइन में परेड की सलामी लेकर निरीक्षण किया। परेड में अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिसकर्मियों की ड्रिल का निरीक्षण किया बाद परेड पुलिस लाइन का भ्रमण कर परिवहन शाखा में वाहनों को देखा तत्पश्चात मैस, बैरिक, सीपीसी कैन्टीन, आरओआईपी डायल 112, रेडियो कन्ट्रोल रूम,क्वार्टर गार्द,स्टोर रूम का निरीक्षण कर प्रतिसार निरीक्षक सुधार को निर्देश दिये।

### परिवार को टूटने से बचाया

**चित्रकूट।** पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केन्द्र पुलिस टीम द्वारा आपसी परिवारिक झगड़े को समाप्त कराकर परिवार में सुलह कराते हुए परिवार को टूटने से बचाया। पायल पत्नी लवकुश सिंह निवासी ग्राम जमहीली ने पति लवकुश द्वारा प्रार्थिया को गाली गलौज, मारपीट व लड़ाई झगड़ा कर घर से निकालने के सम्बन्ध में दिया। उनि गुड्डी देवी, महिला आरक्षी शिवांगी श्रीवास्तव ने शिकायतकर्ता की शिकायतों को विस्तारपूर्वक सुनकर समझकर द्वितीय पक्ष से सम्पर्क करके उन्हें पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केंद्र बुलाया गया तथा दोनों पक्षों को समझाया गया।

### परीक्षा के लिये बनाया गया कंट्रोल रूम

**चित्रकूट।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बीके शर्मा के निर्देशन में नेट परीक्षा 2024 जो 27 और 28 को नवंबर को होनी है जिसमें समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं जिसके लिए कंट्रोल रूम बनाया गया है जिसका जिलाधिकारी के अनुमोदनोंपरांत ब्लॉक स्तरीय कंट्रोल रूम खंड शिक्षा अधिकारी प्रभारी के रूप में नामित किया गया है जिला लेबल पर पुष्पेंद्र सिंह डीसी प्रशिक्षण को नामित किया है। कंट्रोल रूम अथवा एआरपी एसआरजी संकुल शिक्षक से संपर्क करके तत्काल समस्या का निदान किया जाएगा यह जानकारी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी चित्रकूट बीके शर्मा ने दी।

### जनहित याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने किया खारिज

**चित्रकूट।** सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय चुनावों में पेपर बैलट प्रणाली को फिर से शुरू करने की मांग वाली जनहित याचिका को खारिज कर दिया। कोर्ट ने याचिकाकर्ता के ईवीएम से छेड़छाड़ के दावों को खारिज कर दिया, जिसमें उन नेताओं की असंगतता को उजागर किया जो ईवीएम की विश्वसनीयता पर तभी सवाल उठाते हैं जब वे चुनाव हार जाते हैं। याचिका को खारिज करते हुए पीठ ने टिप्पणी कीरू जस्टिस विक्रम नाथ और पी.बी. वराले की पीठ ने याचिकाकर्ता डॉ. कौल की दलीलों में कोई दम नहीं पाया। क्या होता है, अगर आप चुनाव जीतते हैं, तो ईवीएम से छेड़छाड़ नहीं होती। जब आप चुनाव हारते हैं, तो ईवीएम से छेड़छाड़ होती है। जब चंद्रबाबू नायडू हारे, तो उन्होंने कहा कि ईवीएम से छेड़छाड़ की जा सकती है। अब, इस बार, जगन मोहन रेड्डी हारे, उन्होंने कहा कि ईवीएम से छेड़छाड़ की जा सकती है। जस्टिस नाथ ने टिप्पणी की, राजनीतिक दलों को इस प्रणाली से कोई समस्या नहीं है।

### 29 नवंबर को होगा सामूहिक विवाह

**चित्रकूट।** जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह भदौरिया ने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह 29 नवम्बर को रामायण मेला परिसर में कराया जाना निर्धारित है। योजनान्तर्गत पात्र जोड़ों का चयन करते हुए आवेदिकाओं को आनलाइन पोर्टल के माध्यम से स्वचालित संदेश प्रेषित किया जा रहा है। जिन आवेदिकाओं को स्वचालित संदेश प्राप्त हो गया हो, विवाह कार्यक्रम सम्पन्न कराये जाने हेतु अपने परिजनों के साथ दिनांक 29 नवम्बर 2024 को पूर्वाह्न 8 बजे रामायण मेला परिसर, चित्रकूट में उपस्थिति सुनिश्चित करते हुए वर-वधू को प्रदान किये जाने वाले कपड़े एवं अन्य वैवाहिक उपहार सामग्री परिसर में निर्धारित स्थल से प्राप्त कर लें।

# छात्रा की हत्या का पुलिस ने किया खुलासा, दो अभियुक्त दबोचे

■ चित्रकूट



पुलिस ने डकैती की घटना का खुलासा करते हुए दो अभियुक्त गिरफ्तार किया है।

पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूट धाम परिक्षेत्र बांदा अजय कुमार सिंह ने जनपद में घटित छात्रा कि हत्या के घटना स्थल का निरीक्षण कर घटना के शीघ्र अनावरण के लिये पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह सम्बंधित निर्देशित किया। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी एवं एसओजी की संयुक्त टीम ने 15 नवंबर को ग्राम कसहाई में छात्रा की हत्या के सम्बन्ध में अभियोग पंजीकृत कर घटना का खुलासा करते हुये घटना कारित करने वाले तथा घटना में संलिप्त रहीस पुत्र रफीक खान निवासी कुर्मिन का पुरवा जजौली थाना पश्चिम शरीरा जनपद कौशाम्बी, कल्लू पुत्र सोडधा निवासी कुर्मिन का पुरवा जजौली थाना पश्चिम शरीरा जनपद कौशाम्बी को 21 हजार रूपये, चार छागल, चार पायल सफेद एक बालचोटी, एक लाकेट, तीन लाकेट चार मोती के साथ शिवरहा तालाब महुआ गांव से सुबह समय 8 बजे पकडा। बीते 15 नवंबर को ग्राम कसहाई में छात्रा की हत्या हो गयी थी। विवेचना के क्रम में प्रभारी निरीक्षक व एसओजी टीम द्वारा व मामूर मुखविर की सूचना से उक्त घटना के अज्ञात अभियुक्त नटों द्वारा घटना कारित किये जाने का तत्थ प्रकाश में आया। मृतिका मुस्कान द्वारा पहचान करने पर उसकी हत्या कर आभुषण एवं रूपये सहित अन्य सामाग्री लूट कर भाग गये थे।

# अंतरराष्ट्रीय मगध सम्मान समारोह एक दिसंबर को राजगीर में।

**(वर्ल्ड न्यूज फीचर नेटवर्क)**




**नालंदा।** भारतीय इतिहास में मगध एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है। मगध भारतीय संस्कृति और परंपरा की पालना रही है, जिसमें अनेक जातियों, भाषाओं और संस्कृति को अपने में समाहित कर भारतवर्ष की उत्कर्ष गाथा लिखी। इस सम्मान समारोह के आयोजक मंडल में शामिल गौरैया विहग फाउंडेशन के संस्थापक राजीव रंजन पाण्डेय ने बताया कि यह सम्मान समारोह मगध की राजधानी रही राजगीर में आयोजित होना गौरव की बात है। यह अतीत में अखंड भारत का सत्ता का केंद्र रहा है। इसके माध्यम से मगध की गौरव गाथा को पुनर्जीवित करने का प्रयास किया जा रहा है जो वर्तमान में केवल इतिहास के पन्नों में दर्ज है। इस आयोजन में देशभर के अपने क्षेत्रों में विशिष्ट कार्य करने वाले समाजसेवा, शिक्षा, पत्रकारिता, स्वास्थ्य सेवा, पर्यावरण, तकनीकी नवाचार, उद्यमिता आदि क्षेत्रों में करने वालों को सम्मानित किया जाएगा। यह आयोजन धाराधाम इंटरनेशनल गोरखपुर,दिव्य प्रेरक अनुसंधान केंद्र आजमगढ़, यूपी, गौरैया विहग फाउंडेशन नालंदा व एशिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड, श्रीलंका द्वारा संयुक्त रूप से 01 दिसंबर को बिहार राज्य के राजगीर स्थित सरस्वतीत भवन में आयोजित किया जा रहा है। देश के विभिन्न हिस्सों से आए महानुभावों को 30 नवंबर को राजगीर की प्राकृतिक छटा और इतिहास को करीब से जानने के लिए राजगीर का भ्रमण कराया जाएगा।

# खाद न मिलने से किसानों ने कानपुर सागर हाईवे किया जाम

**किसानों द्वारा श्रीनगर कोतवाली के समीप जाम लगाए जाने से दो घंटे तक फंसे रहे वाहन**

■ महोबा



जिले में खाद की किल्लत से निजात न मिलने के कारण किसानों द्वारा आएदिन हंगामा करते हुए सड़कों को जाम कर प्रदर्शन किया जा रहा है और अधिकारी आश्वासन का लालीपॉप थमा कर किसान से हंगामा बंद कराते हुए जाम खुलवाकर गुम हो जाते है, जिससे किसानों की खाद की समस्या का निराकरण नहीं हो पा रहा है। किसान डीएपी खाद के लिए सहकारी समितियों पर सुबह से शाम तक लाइन लगा रहा है, बावजूद इसके उन्हें खाद नसीब नहीं हो रही है। खाद वितरण में कालीबाजारी किए जाने को लेकर मंगलवार को श्रीनगर कोतवाली के समीप किसानों ने कानपुर सागर हाईवे पर जाम लगा दिया, जिससे सड़क के दोनो तरफ वाहनों लंबी लाइन लग गई। दो घंटे के बाद अधिकारियों द्वारा खाद दिलाए जाने के आश्वासन के बाद जाम खोला गया।

गौरतलब है कि किसानों को बोवाई के लिए खाद की आवश्यकता होने के बाद भी खाद नहीं मिल पा रही है, जिससे नाराज सैकड़ों किसानों ने मंगलवार को कानपुर सागर हाईवे पर श्रीनगर कोतवाली के पास जाम लगा दिया और सड़क के बीचों बीच खड़े होकर हंगामा काटने लगे। किसानों का आरोप है कि सहकारी समितियों में सुबह से शाम तक खड़े रहने के बाद भी खाद नही मिल रही है, जबकि समिति सचिव व कर्मचारी मुंह देखा व्यवहार करते हुए खाद चहेतों को दे रहे हैं। बताया कि यहां किसान भूखा प्यासा समिति में लाइन लगाकर खड़ा रहता और कुछ एक दो किसानों को खाद वितरण कर खाद समाप्त होने की बात कहकर शेष डीएपी की कालाबाजारी कर देते हैं, जिसे अन्नदाता को खाद नसीब नहीं हो पा रही है।

किसानों ने बताया कि जिले में किसानों द्वारा अपने अपने क्षेत्रों में प्रदर्शन कर सड़के जाम कर हंगामा काटा गया और प्रशासन द्वारा खाद की पूर्ति करने का आश्वासन दे रहा है, बावजूद इसके किसानों को खाद से महरूम रहना पड़ रहा है। जाम की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस के अलावा अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे और दो घंटे तक लगे जाम को खाद दिलाए जाने के आश्वासन के बाद किसानों ने जाम खोला। किसानों द्वारा जाम लगाए जाने से स?क के दोनो तरफ वाहनों की लंबी लंबी लाइन लग गई, जिससे यातायात व्यवस्था बाधित हो गई। जाम में कई एम्बुलेंस और निजी वाहनों में महोबा से छतरपुर जा रहे मरीज भी जाम में फंसे रहे। किसानों के सड़क से हटने के बाद पुलिस ने यातायात व्यवस्था को बहाल कराकर जाम खुलवाया।

अधिकारियों द्वारा आश्वासन के बाद भी समिति में खाद का वितरण न किये जाने से नाराज किसानों ने शनिवार को एक बार फिर महोबा-नौगांव मार्ग पर जाम लगा दिया। जाम की सूचना पर पहुंचे थाना प्रभारी ने जाम खुलबाकर खाद का वितरण शुरु कराया। जिससे किसानों ने राहत की सांस ली। साधन सहकारी समितियों में खाद वितरण न करने से किसानों का शनिवार को गुस्सा फूट गया और उन्होंने शनिवार को बेलाताल मुख्य मार्ग में जाम लगा दिया। इसके बाद किसान पीसीएफ केन्द्र प्रभारी दिनेश कुमार से उलझ गये और जमकर नोंक-झांक तक कर डाली। किसानों ने खाद ब्लैक करने का भी आरोप लगाया। शुक्रवार को जैतपुर पहुंचे एसडीएम कुलपहाड़ ने किसानों को 23 नवम्बर से खाद का वितरण करने का आश्वासन देकर जाम खुलवा दिया था लेकिन आज भी खाद का वितरण न होने से नाराज किसानों ने पुनः जाम लगा दिया था।

जाम की सूचना पर कोतवाली प्रभारी कुलपहाड़ नरेन्द्र प्रताप सिंह ने मौके पर पहुंचकर जाम खुलवाया और खाद का वितरण शुरु कराया। वितरण केन्द्र पर किसानों की भारी भीड़ जमा हो जाने पर पुलिस ने किसानों को लाइन पर लगाने के बाद प्रति आधार कार्ड पर एक बोरी खाद वितरित की।

# पुस्तकालय में कैरियर काउंसलिंग का हुआ आयोजन

■ चित्रकूट



राजकीय जिला पुस्तकालय में संविधान दिवस पर कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम के मुख्यकमला साहू प्रधानाचार्या राजकीय हाई स्कूल भरतकूप, सीपी पांडे कोर्स कोआर्डिनेटर मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग सेंटर, त्रिपुरारी शरण मिश्र विषय विशेषज्ञ का उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में अतिथियों का वक्तव्य और पाठकों की कैरियर से सम्बन्धित समस्याओं को सुना तथा अतिथियों द्वारा उनका निराकरण भी किया। कार्यक्रम का संचालन प्रभारी पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ प्रदीप नारायण शुक्ला ने किया। कमला साहू द्वारा पुस्तकालय में प्रतियोगी छात्रों प्रतियोगी परीक्षा से सम्बन्धित विभिन्न विषयों की छह हजार रुपये पुस्तके भी भेंट की गयी।

इस अवसर पर लाइब्रेरी कोऑर्डिनेटर सत्येंद्र कुमार, निलेश कुमार, दिव्यांशु रिछारिया, वीरेंद्र कुमार, सुनील कुमार सहित छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय में संविधान दिवस पर आयोजित हुई प्रतियोगिताएं

**भाषण प्रतियोगिता में सृष्टि , जबकि पोस्टर और रंगोली में दो प्रतिभागी संयुक्त रुप से रहीं अव्वल**

■ महोबा



स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय महोबा में संविधान दिवस के मौके पर कार्यक्रम और प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के अलावा अन्य वक्ताओं ने संविधान के तहत जीवन व्यतीत करने की छात्र छात्राओं को शिक्षा दी साथ ही संविधान के प्रति सच्ची श्रद्धा और निष्ठा रखने और अपने प्रत्येक कार्यों को ईमानदारी से निर्वहन करने की शपथ दिलाई गई। संविधान दिवस के मौके पर महाविद्यालय प्रांगण में भाषण, पोस्टर और रंगोली प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें विजयी प्रतिभागियों को पुरूस्कृत कर सम्मानित किया गया। संविधान दिवस के मौके पर स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय में आयोजित भाषण प्रतियोगिता में सृष्टि साहू ने पहला, अजमी खातून ने दूसरा और साक्षी गुप्ता ने तीसरा स्थाना हासिल किया। पोस्टर प्रतियोगिता में पारूल नामदेव, प्रगति नामदेव और जेबा अंसारी संयुक्त रुप से प्रथम, रोशनी प्रकाशना द्वितीय और रिया अग्रवाल व मंतशा तृतीय स्थान पर रही। इसी प्रकार रंगोली प्रतियोगिता में प्रांजलि शुक्ला और प्रिया संयुक्त रुप से अव्वल रहीं, जबकि दूसरे स्थान पर गुलिस्ता बानो, आकांक्षा चंसौरिया तथा तीसरे स्थान पर हिमांशु विश्वकर्मा, उत्तरा विश्वकर्मा को संतोष करना पड़ा। प्रतियोगिता में सभी विजयी प्रतिभागियों को विद्यालय की तरफ से पुरूस्कृत किया गया। निर्णायक मंडल में डा0 एलसी अनुरागी, कालेज की प्रबंधक डा0 स्वाती सिंह भदौरिया तथा प्राचार्य डा0 मोहम्मद आरिफ राईन रहे। इस मौके मुख्य अतिथि पर पूर्व प्रवक्ता डा0 एलसी अनुरागी ने कहा कि मौलिक एवं नीति निर्देशक सिद्धांत मनुष्य के कवच एवं प्राण वायु है। आज विश्व में भारत को सर्वोच्च स्थान तक पहुंचाने में संविधान का बहुत बड़ा योगदान है। कहा कि संविधान भारत का सर्वोच्च कानून है यह एक लिखित दस्तावेज है जो सरकार और उसके संगठनों के मौलिक बुनियादी संहिता, संरचना, प्रक्रियाओं, शक्तियों और कर्तव्यों और नागरिकों के अधिकारों और कर्तव्यों का निर्धारण करने वाले ढांचे को निर्धारित करता है। कालेज की प्रबंधक डा0 स्वाती सिं भदौरिया ने कहा कि संविधान ही हमें यह बताता है कि समूची व्यवस्था कैसे काम करेगी, इसके अंतर्गत चुनाव प्रणाली, सरकार का गठन शक्तियों का बंटवारा अधिकारों की रक्षा सहित तमाम गंभीर एवं जटिल मुद्दे आते हैं। संविधान का महत्त्व इसलिए भी है कि यह सरकारों को भी दिशा दिखाने का कार्य करता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में क्रांति देवी, मनोज कुमार यादव, संदीप खरे, प्रशांत शुक्ला की अहम भूमिका रही।

# संविधान दिवसः जिलाधिकारी ने भारतीय संविधान की उद्देशिका का कराया पाठन

**डीएम द्वारा भारत माता एवं डॉ भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर दिलाई गई संविधान की शपथ**

■ महोबा



कलैक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मृदुल चौधरी मुख्य विकास अधिकारी हरेंद्र कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक शिशिर कुमार, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोईनुल इस्लाम तथा जिला पंचायत अध्यक्ष जे.पी अनुरागी की अध्यक्षता में संविधान दिवस के अवसर पर भारतीय संविधान की उद्देशिका का सामूहिक पाठन किया गया।

इस सम्बंध में जिलाधिकारी ने भारतीय संविधान की उद्देशिका को प?ा, जिस पर सभागार में उपस्थित अधिकारी/कर्मचारियों ने भी उद्देशिका को दोहराया। उन्होंने कहा कि ''हम, भारत के लोग, भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व-सम्पन्न समाजवादी पंथनिरपेक्ष लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढाने के लिये दृढसंकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में आज तारीख 26 नवम्बर,1949 ई0 (मिति मार्गशीर्ष शुक्ला सप्तमी, संवत् दो हजार छह विक्रमी) को एतद्द्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते है।''

इस अवसर पर जनपद के समस्तकार्यालयों, स्वायत्तशासी निकायों/संगठनों, स्थानीय निकायों एवं शैक्षणिक संस्थानों में विविध कार्यक्रम आयोजित किये गए, जिनमें संविधान दिवस के अवसर पर भारतीय संविधान के संवैधानिक मूल्यों एवं मूलभूत सिद्धान्तों पर आधारित वाद-विवाद प्रतियोगिता, वेबिनार, गोष्ठी आदि का भी आयोजन सम्बंधित विभागों द्वारा किया गया।इस अवसर पर जिलाधिकारी एवं जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभर्थियों को आवास दिए गए तथा नगर पालिका एवं पंचायती राज विभाग के सफाईकर्मियों को सम्मानित किया गया।

संविधान दिवस के अवसर पर डिप्टी कलेक्टर मृत्युँजय नरायण मिश्रा तथा जिला विकास अधिकारी पंकज यादव सहित कलेक्ट्रेट व विकास भवन के अधिकारी एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

### डीएम की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक संपन्न

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि 8 दिसम्बर को पोलियो डे है विद्यालय खुले रहेंगे एवं विद्यालय में मिड डे मिल भी वितरण किया जाएगा यह सुनिश्चित कराए। वैक्सीनेशन से संबंधित सभी चिकित्सा अधिकारियों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा जनपद की स्थिति ठीक नहीं है इसमें सुधार कराए, जिलाधिकारी ने कहा कि जहां पर वैक्सीनेशन होते हैं वहां पर हम लोगों एवं माननीय जनप्रतिनिधियों को बुलाए। जिलाधिकारी ने कहा कि जो एनम कार्य नहीं कर रही हैं उसको हटाए एवं वैक्सीनेशन में जिनकी ड्यूटी लगी है वह भी निरीक्षण करें। उन्होंने यह भी कहा कि आशा एनम को प्रशिक्षण कराए एवं प्रशिक्षण के पश्चात वह कार्य नहीं कर पा रही हैं तो हटाए, कहां की बच्चों की जान नहीं लेनी है। सभी अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया कि आप लोग आशा एनम के भरोसे नहीं छोडे आप लोग भी मानीटिंग करते रहें। जिलाधिकारी के समीक्षा बैठक में बीपीएम मानिकपुर के उचाढीह में टीकाकरण की स्थिति ठीक नहीं पाई गई जिस पर बीपीएम मानिकपुर ने बताया कि एनम फोन नहीं उठाती है कहा कि उनके खिलाफक्या कार्रवाई की गई जानकारी लिए, उन्होंने सभी प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि इसमें रुचि लेकर आप लोग भी सुधार कराए।

### कांग्रेसियों ने संविधान निर्माता को अर्पित किए श्रद्धासुमन

**बांदा।** संविधान दिवस के अवसर पर संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर को कांग्रेसियों ने याद करते हुए श्रद्धाजलि अर्पित की। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रद्युम्न कुमार लालू दुबे ने कहा संविधान निर्माता डॉ भीमराव अम्बेडकर जी ने हमे हमारे देश को ऐसा संविधान दिया है जो समाजवादी, पंथ निरपेक्ष है लोकतंत्रात्मक गणराज्य चलाने की खूबियां है। सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक न्याय, विचार अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म, और उपासना की स्वतंत्रता देता है, जो व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित करता है, जो विश्व मे बंधुता बढ़ाने वाला है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि हमको अपने संविधान पर गर्व है। कांग्रेसजनों ने आज इस अवसर पर संविधान उद्देशिका के पर्चे भी लोगो तक पहुँचाये।

# चयन ट्रायल में दो सैकड़ा प्रतिभागियों ने बहाया पसीना



■ बांदा

बांदा क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में होने वाले बांदा क्रिकेट लीग टूर्नामेंट का चयन ट्रायल डीआर क्रिकेट अकादमी में आयोजित हुआ। इसमें दो सैकड़ा से अधिक क्रिकेट खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। ट्रायल में शहर के कई स्कूलों और अकादमियों से अंडर 12., अंडर 14, अंडर 16 के खिलाड़ियों के अलावा हमीरपुर महोबा चित्रकूट से आए खिलाड़ियों को भी मौका दिया गया। चयनकर्ता शिवप्रताप सिंह ने बताया कि कई खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन किया। जल्द ही चयनित खिलाड़ियों की सूची जारी कर दी जाएगी।

दिसम्बर के पहले सप्ताह में टूर्नामेंट की शुरुआत होगी।चयन प्रक्रिया के दौरान भागवत प्रसाद मेमोरियल स्कूल, विद्यावती निगम पब्लिक स्कूल, हिरा मॉडल पब्लिक स्कूल, सिद्दीकी मेमोरियल स्कूल, आदर्श बजरंग इंटर कालेज, राजकीय इंटर कॉलेज, डीआर पब्लिक स्कूल, सेंटमैरी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेंटजार्ज पब्लिक स्कूल, इंटरनेशनल एमिटी स्कूल आदि स्कूलों के अलावा स्पोर्ट्स स्टेडियम, डीआर क्रिकेट अकादमी के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। ट्रायल के दौरान बांदा क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव वासिफ जमा खान, अध्यक्ष चंद्रमौली भारद्वाज, क्रीड़ा सचिव राममिलन गुप्ता, उपाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, शशांक नियाज़ी, कोषाध्यक्ष मनोज मिश्रा, रेहान खान, विपरांश यादव, कोच जितेंद्र यादव, मोहित सिंह, कोच सलमान हाशमी, अबरार फारूकी, मोहम्मद अहमद आदि उपस्थित रहे। चयनकर्ता स्पोर्ट्स स्टेडियम बांदा के कोच शिव प्रताप सिंह रहे।

### भारत के साथ घनिष्ठ समन्वय जारी रखने की संयुक्त राज्य अमेरिका की इच्छा को रेखांकित किया

# युद्ध से किसी समस्या का हल नहीं: जयशंकर

- ब्लिंकन ने इटली के फिउग्गी में जी7 बैठक के इतर भारतीय विदेश मंत्री सुब्रमण्यम जयशंकर से मुलाकात की
- द्विपक्षीय संबंधों को गहरा करने के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका और भारत की स्थायी प्रतिबद्धता की पुष्टि की



एजेंसी, फिउग्गी

अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन की बैठक के बाद एक विज्ञप्ति जारी की। ब्लिंकन ने इटली के फिउग्गी में जी7 बैठक के इतर भारतीय विदेश मंत्री सुब्रमण्यम जयशंकर से मुलाकात की। आगे विज्ञप्ति में कहा गया है कि विदेश मंत्री ब्लिंकन और विदेश मंत्री जयशंकर ने द्विपक्षीय संबंधों को गहरा करने के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका और भारत की स्थायी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। उन्होंने ने वैश्विक सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए भारत के साथ घनिष्ठ समन्वय जारी रखने की संयुक्त राज्य अमेरिका की इच्छा को रेखांकित किया।

### एंटनी ब्लिंकन ने एक्स पर किया पोस्ट

अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने एक्स पर किया पोस्ट कि जब हम एक साथ काम कर रहे हैं तो अमेरिका और भारत मजबूत हैं। भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर और मैंने वैश्विक सुरक्षा और समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए हमारे निरंतर करीबी सहयोग के महत्व पर चर्चा करने के लिए आज इटली में मुलाकात की। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने ट्वीट किया कि हम वैश्विक सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए अपने यूरो-अटलांटिक और इंडो-पैसिफिक सहयोगियों के साथ काम कर रहे हैं, जिसमें रूस के लिए पीआरसी और डीपीआरके का समर्थन भी शामिल है। साथ मिलकर, हम ताइवान जलडमरूमध्य, कोरियाई प्रायद्वीप और दक्षिण चीन सागर में एक स्वतंत्र और खुले इंडो-पैसिफिक को बढ़ावा दे रहे हैं। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को कहा कि किसी को युद्ध के मैदान में कोई समाधान नहीं मिलने वाला है और रूस-यूक्रेन के बीच लंबे समय से जारी संघर्ष की बात करें तो लोग किसी न किसी स्तर पर बातचीत की मेज पर आएंगे ही। उन्होंने कहा कि जितनी जल्दी वे ऐसा करेंगे, उतना ही बेहतर होगा क्योंकि बाकी दुनिया भी प्रभावित हो रही है। जयशंकर जी-7 समूह में शामिल देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में हिस्सा लेने के लिए 24 से 26 नवंबर तक तीन दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर इटली में हैं।

**रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर कही बात**

रूस-यूक्रेन संघर्ष पर जयशंकर ने दोहराया कि भारत सोचता है कि संघर्ष को समाप्त करने का रास्ता खोजने के लिए कूटनीति होनी चाहिए और हम यही करने की कोशिश कर रहे हैं। फरवरी 2022 में शुरू हुआ रूस-यूक्रेन संघर्ष 19 नवंबर को अपने 1,000वें दिन में प्रवेश कर गया।

## संविधान, राष्ट्रपति के बाद क्रांतिकारियों का भी अपमान

राहुल को 20 साल के संसदीय जीवन से उन्हें इतनी समझ तो आ जानी चाहिए थी कि जिस समारोह में राष्ट्रपति मौजूद हों, वहां कैसा व्यवहार करना चाहिए।

इंडिया गेट से



अजय सेतिया की कलम से

राहुल गांधी का वह वीडियो वायरल हो गया है, जिसमें वह राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का अपमान कर रहे हैं। एक नहीं बल्कि तीन बार अपमान किया। यहां तक कि जिस संविधान को लेकर घुमते रहते हैं, उसका भी अपमान किया। संविधान दिवस के मौके पर संसद के सेंट्रल हाल में समारोह हो रहा था। राष्ट्रपति मुर्मु मंच पर पहुंची थी, राहुल गांधी को ऐसे मंच पर बैठने का पहली बार मौक़ा मिला था। इससे पहले 20 साल से वह सिर्फ सांसद ही थे। पहली बार विपक्ष के नेता बने तो ऐसे मंच पर बैठने का मौक़ा मिला था। लेकिन 20 साल के संसदीय जीवन से उन्हें इतनी समझ तो आ जानी चाहिए थी कि जिस समारोह में राष्ट्रपति मौजूद हों, वहां कैसा व्यवहार करना चाहिए। इससे पहले कि राष्ट्रपति अपनी कुर्सी पर बैठती, राष्ट्रपति खड़ी थीं और राहुल गांधी अपनी कुर्सी पर बैठ गए। राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, स्पीकर सब खड़े थे, यहां तक कि मल्लिकार्जुन खड़गे भी खड़े थे, और झुककर राष्ट्रपति का अभिवादन कर रहे थे। राहुल गांधी ने राष्ट्रपति को अभिवादन तक नहीं किया। वह किसी और से नहीं सीखना चाहते तो कम से कम अपने अध्यक्ष से ही सीख लेते। दूसरी बार तो उन्होंने राष्ट्रपति के साथ साथ संविधान का भी अपमान किया। जब राष्ट्रपति सभी सांसदों को वह शपथ दिला रही थी, जो 26 नवंबर 1949 को संसद के इसी सेंट्रल हाल में संविधान सभा के सदस्यों ने ली थी। तब राहुल गांधी उस कागज को सामने रख कर खड़े रहे, उन्होंने शपथ नहीं दोहराई। यह राष्ट्रपति का नहीं, बल्कि संविधान का भी अपमान था। तीसरी बार उन्होंने राष्ट्रपति का अपमान तब किया, जब राष्ट्रगान के बाद वह राष्ट्रपति को अभिवादन किए बिना ही मंच से उतर गए। जबकि, उस समय भी मल्लिकार्जुन खड़गे समेत सभी झुक कर राष्ट्रपति अभिवादन कर रहे थे। राहुल गांधी ने पिछले 20 साल में क्या सीखा है, इस एक घटना से सबके सामने आ गया। वह संविधान की क्या रक्षा करेंगे, जिन्हें संविधान और राष्ट्रपति का सम्मान करना नहीं आता। इसके बाद उन्होंने तालकटोरा स्टेडियम मंथ क्रांतिकारी स्वतंत्रता सेनानियों का अपमान कर डाला। हरियाणा, जम्मू कश्मीर और महाराष्ट्र ने उन्हें बता दिया है कि वह उनसे ज्यादा नरेंद्र मोदी पर भरोसा करते हैं। लेकिन, तालकटोरा स्टेडियम में जहां से कांग्रेस ने 60 दिन का संविधान रक्षण अभियान शुरू किया है, वहा मल्लिकार्जुन खड़गे ने फिर से ईवीएम का रोना-धोना शुरू कर दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को जनता ने नहीं ईवीएम ने हराया है। कांग्रेस को ईवीएम मंजूर नहीं, हमें बेलेट पेपर चाहिए। मजेदार बात यह है कि आज ही सर्वोच्च न्यायालय ने बेलेट पेपर से चुनाव करवाने वाली याचिका को फिर से खारिज कर दिया है। सर्वोच्च न्यायालय की दो सदस्यीय पीठ ने कहा कि जब जीत जाते हो तो ईवीएम ठीक है और हार जाते हो तो ईवीएम खराब है। कांग्रेस को संविधान आरक्षण और ईवीएम की याद इसलिए आई है, क्योंकि जनता उसे ठुकरा रही है। महाराष्ट्र ने अभी अभी उन्हें बताया कि मोदी के हाथों में संविधान तुमसे बेहतर सुरक्षित है। संसद के सेंट्रल हाल में संविधान और राष्ट्रपति का अपमान करने के बाद राहुल गांधी ने तालकटोरा के अपने भाषण में सभी क्रांतिकारियों का अपमान किया। सबसे पहले उन्होंने वीर सावरकर का अपमान किया, पता नहीं उद्धव ठाकरे को अभी भी अक्ल आएगी या नहीं कि वह गलत संगति में हैं। राहुल गांधी ने कहा कि हर राज्य में ऐसे संत और सुधारवादी मिल जाएंगे, जिनकी सोच आप को संविधान में मिलेगी। लेकिन सावरकर जी की आवाज इसमें नहीं है। संविधान में कहीं भी हिंसा की बात नहीं की गई। संविधान सत्य और अहिंसा पर आधारित है। अब उद्धव ठाकरे सावरकर के अपमान पर फिर से खून का घूंट पीकर रह जाएंगे या कांग्रेस को ठोकर मार कर इंडी गठबंधन से बाहर आएंगे। अगर अभी भी वह कांग्रेस के साथ चिपके रहे तो कुछ दिन में उनके सारे सांसद और विधायक शिंदे के साथ खड़े दिखेंगे। सावरकर एक क्रांतिकारी थे, वह गांधी के अनुयायी नहीं थे। तो क्या वह स्वतंत्रता सेनानी नहीं थे। गांधी के अनुयायी तो सुभाष चन्द्र बोस, भगत सिंह, चन्द्र शेखर आज़ाद, राजगुरु, सुखदेव, पंडित गेंदा लाल दीक्षित जैसे लाखों क्रांतिकारी भी नहीं थे। तो क्या वे सभी भी देशभक्त नहीं थे। राहुल गांधी ने देश के सारे क्रांतिकारियों का अपमान किया, असल में यह कांग्रेस की पुरानी सोच है कि आज़ादी तो कांग्रेस और गांधी ने ही दिलाई है। दिला दी आज़ादी तूने बिना ढाल और तलवार। इसीलिए तो इंदिरा गांधी ने आपातकाल के दौरान लाल किले में आज़ादी के इतिहास का ऐसा कैप्सूल जमीन में गाड़ दिया था, जिसमें आज़ादी का सारा क्रेडिट कांग्रेस गांधी और नेहरू को दिया गया था। लगता है, राहुल गांधी ने आज़ादी के इतिहास का सिर्फ वह कैप्सूल ही पढ़ा है। इसीलिए ही उन्हें घमंड है कि राष्ट्रपति उनके सामने क्या हैं, वह तो इंदिरा गांधी का पोता है। राष्ट्रपति तो एक मामूली परिवार की आदिवासी महिला है। राहुल अपने भाषण में आदिवासियों, दलितों और ओबीसी को 50 प्रतिशत आरक्षण की बात करते हैं, लेकिन मंच पर न उन्होंने आदिवासी राष्ट्रपति का सम्मान किया, न ओबीसी प्रधानमंत्री का सम्मान किया और न ही अपने दलित नेता मल्लिकार्जुन खड़गे का।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक 343 पर पहुंचा



**नई दिल्ली** । दिल्ली की वायु गुणवत्ता बुधवार को भी 'बहुत खराब' श्रेणी में बनी रही, विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि हवा के रुख में बदलाव के कारण अगले 24 घंटे में यह 'गंभीर' स्तर पर पहुंच सकती है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार, शहर का 24 घंटे का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) शाम चार बजे 343 दर्ज किया गया, जबकि पिछले दिन यह 349 था। स्काईमेट वेदर सर्विसेज के उपाध्यक्ष महेश पलावत ने कहा कि अगले 24 घंटे में वायु गुणवत्ता और भी खराब हो सकती है और हवा के रुख के कारण यह फिर से गंभीर श्रेणी में पहुंच सकती है।

### मुंबई के अंधेरी में 6 मंजिला इमारत में लगी भीषण आग



**मुंबई** । अधिकारियों ने बताया कि बुधवार सुबह मुंबई के अंधेरी इलाके में वीरा देसाई रोड पर एक छह मंजिला रिहायशी इमारत में भीषण आग लग गई। सुबह करीब 9 बजे इमारत के एक घर में आग लग गई। सौभाग्य से इस आग में कोई जनहानि नहीं हुई है, लेकिन घर पूरी तरह जलकर राख हो गया है। अधिकारियों के अनुसार, अंधेरी (पश्चिम) में चिंचन बिल्डिंग के एक फ्लैट में सुबह 8.42 बजे आग लगी। एक दमकल अधिकारी ने बताया कि सुबह करीब 9 बजे आग पर काबू पा लिया गया था और मौके पर कूलिंग ऑपरेशन चल रहा था, दमकल अधिकारी ने बताया कि आग लगने का कारण अभी पता नहीं चल पाया है। इससे पहले 26 नवंबर को ठाणे के कल्याण में 18 मंजिला वर्टेक्स सोलियर इमारत की 16वीं मंजिल पर भीषण आग लग गई थी।

### पुलिस ने दो माओवादी गिरफ्तार किए



**लातेहार** । झारखंड के लातेहार जिले में पुलिस और माओवादियों के बीच हुई मुठभेड़ के बाद दो माओवादियों को गिरफ्तार किया गया है। उनके पास से हथियार एवं गोला बारूद भी जब्त किया गया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि सोमवार रात हेरहंज थाना क्षेत्र के सिकित-बंदुआ जंगल में पुलिस और प्रतिबंधित माओवादी संगठन झारखंड जन मुक्ति परिषद (जेजेएमपी) के सदस्यों के बीच गोलीबारी हुई। लातेहार के पुलिस अधीक्षक (एसपी) कुमार गौरव ने बताया कि उन्हें सिकित-बंदुआ जंगल में माओवादियों की मौजूदगी के बारे में सूचना मिली थी। उन्होंने कहा, पुलिस दल को देखते ही माओवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके बाद पुलिस ने भी जबावी कार्रवाई की।

### मणिपुर में थम नहीं रहा बवाल

# विधायकों के घर पर हमले के सिलसिले में महिला गिरफ्तार, अगवा डॉक्टर को भी बचाया गया

- मैतेई समुदाय की तीन महिलाओं और तीन बच्चे लापता हो गए थे

एजेंसी, इंफाल

16 नवंबर को इंफाल घाटी में विधायकों और मंत्रियों के घरों पर तोड़फोड़ में कथित रूप से शामिल 46 वर्षीय एक महिला को गिरफ्तार किया गया है। विधायकों के घरों पर भीड़ के हमले के सिलसिले में अब तक 30 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। दरअसल, जिरीबाम में हिंसा के बाद भीड़ ने तीन भाजपा और एक कांग्रेस विधायक के घरों में आग लगा दी थी। इनमें से एक वरिष्ठ मंत्री भी हैं। इससे पहले 11 नवंबर को सुरक्षा बलों और संदिग्ध कुकी-जो उग्रवादियों के बीच गोलीबारी में 10 उग्रवादियों के मारे जाने के बाद जिरीबाम में राहत शिविर से मैतेई समुदाय की तीन महिलाओं और तीन बच्चे लापता हो गए थे। इसके बाद ही इलाके में हिंसा बढ़ गई थी। बाद में इन छह लोगों के शव बरामद किए गए थे।



### जबरन वसूली के आरोप में भी एक गिरफ्तार

पुलिस ने बताया कि महिला थिंगबैजम सुशीला देवी को मंगलवार को गिरफ्तार किया गया। इस बीच अधिकारियों ने बताया कि प्रतिबंधित कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी (पीपुल्स वार ग्रुप) के एक सक्रिय कार्यकर्ता को बिशनपुर जिले के नांबोल इलाके में जबरन वसूली के आरोप में गिरफ्तार किया गया। वैरोकपम नाओबा मीतेई पर दुकान मालिकों और स्थानीय व्यापारियों से जबरन वसूली करने का आरोप है। उसके पास से एक दोपहिया वाहन जब्त किया गया है।

### अपहृत चिकित्सा अधिकारी को बचाया गया

इस बीच हाल ही में अपहृत किए गए एक चिकित्सा अधिकारी को बचा लिया गया है। इस सिलसिले में एक प्रतिबंधित संगठन के सदस्य सहित पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

### गड्ढे में डूबकर तीन साल की बच्ची की मौत

**नई दिल्ली** । उत्तर-पश्चिम दिल्ली के रोहिणी में खाली भूखंड में सीवर के पानी से भरे गड्ढे में डूबने से तीन साल की बच्ची की मौत हो गई। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, घटना रविवार सुबह बेगमपुर इलाके में हुई। आशंका है कि बच्ची खेलते समय गड्ढे में गिर गई। अधिकारी ने बताया, "रविवार सुबह नौ बजे अपहरण के संबंध में एक फोन कॉल आई। परिवार को संदेह था कि बच्ची का अपहरण उस समय किया गया जब वह अपने घर के बाहर खेल रही थी।" बाद में पीड़िता के परिवार को पता चला कि वह पास के खाली प्लॉट में बने गड्ढे में गिर गई थी। स्थानीय निवासियों की मदद से उन्होंने बच्ची को पानी से बाहर निकाला और उसे रोहिणी के आम्बेडकर अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शोकाकुल परिवार के सदस्यों ने न्याय की मांग करते हुए दावा किया कि जलभराव को रोकने में विफल रहे अधिकारियों की लापरवाही के कारण उनकी बच्ची की मौत हुई है।

### भट्ठे के लिए मिट्टी लेकर आ रहा था ट्रक

# रेलिंग तोड़ते हुए हिंडन नदी में गिरा मिट्टी से भरा ट्रक, दो लोगों की मौत



**बुढ़ाना/मुजफ्फरनगर** । कस्बे के हिंडन नदी पुल पर मिट्टी से भरा ट्रक पुल की रेलिंग तोड़ते हुए नदी में जा गिरा। घटना में ट्रक में सवार दो लोगों की मौत हो गई जबकि दो लोगों को पुलिस रेस्क्यू ऑपरेशन में सकुशल बाहर निकाला गया। सीओ गजेंद्र पाल सिंह ने बताया कि पंजाब के लुधियाना से ट्रक में ईंट भट्ठे में इस्तेमाल होने वाली मिट्टी मुरादाबाद ले जाई जा रही थी। ट्रक बुढाना से होते हुए मुजफ्फरनगर की ओर जा रहा था। बुधवार अलसुबह करीब तीन बजे ट्रक अनियंत्रित होकर पुल की रेलिंग तोड़ते हुए नदी में गिरकर पलट गया। सूचना पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच गई। घंटों की मशक्कत के बाद स्थानीय लोगों व हाइड्रा क्रेन की सहायता से नदी में गिरे ट्रक को बाहर निकाला गया।

### ट्रक सवारों को अस्पताल पहुंचाया

ट्रक सवार अजय पुत्र बबलू निवासी नवाबपुरा थाना नागफनी जनपद मुरादाबाद, जावेद पुत्र मुन्ना जान निवासी कस्बा व थाना ठाकुरद्वारा मुरादाबाद, छोटेलाल पुत्र छत्रपाल सिंह निवासी कस्बा व थाना ठाकुरद्वारा जनपद मुरादाबाद और नील पुत्र हेमराज निवासी नवाबपुरा थाना नागफनी जनपद मुरादाबाद को उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां पर चिकित्सक ने चालक छोटेलाल तथा नील को मृत घोषित कर दिया।

### शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतकों के स्वजन को सूचित कर दिया गया है। दोनों घायलों को सीएचसी पर भर्ती कराया गया है।

### सड़क के दोनों ओर लगा जाम

बुढ़ाना-मुजफ्फरनगर मार्ग को जोड़ने वाला हिंडन नदी पुल पर हुए हादसे के बाद स्थानीय लोग जमा हो गए और वाहनों का जाम लग गया। स्थानीय पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हाइड्रा को मौके पर मंगाकर ट्रक को नदी से निकलवाया। इस दौरान पुल के दोनों ओर मार्ग पर जाम लग गया। पुलिस ने चौकी बायवाला, गढ़ी और उमरपुर में ही वाहनों को रुकवा दिया। घंटों की मशक्कत के बाद निकाले गए ट्रक के बाद पुल से हाइड्रा हटी तो जाम खोला गया। पुलिस ने जाम को खुलवाया है। हिंडन नदी की रेलिंग से गिरे ट्रक को देखने के लिए भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे।

### कोहरे में रहती है हादसे की संभावनाएं

अभी ट्रक के नदी में गिरने की वजह नहीं पता लग सकी है। ट्रक से बचाए गए दो लोग अभी हादसे की दहशत में हैं।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नई दिल्ली में गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत के साथ बैठक करते हुए।

### भारत सरकार ने दी मंजूरी

**अहमदाबाद** । भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) को भारत सरकार ने शुक्रयान के लिए मंजूरी दे दी है। इसरो शुक्र की कक्षा में परिक्रमा करने वाले इस उपग्रह को 2028 में लॉन्च करेगा। इसरो के निदेशक नीलेश देसाई ने बताया कि चंद्रयान-3 की सफलता के बाद चंद्रयान-4 भी लॉन्च करने का प्रस्ताव किया गया है। यह उपग्रह न सिर्फ चंद्रमा की सतह पर उतरेगा, बल्कि वहां से मिट्टी और चट्टान के नमूने लेकर भी लौटेगा। भारत-जापान संयुक्त रूप से चंद्रयान-4 मिशन का संचालन करेंगे। देसाई ने कहा, चंद्रयान-4 मिशन के लिए सरकार की अनुमति का अभी इंतजार है। चंद्रयान-4 में दो मिशन शामिल होंगे। इसके रोवर का वजह 350 किलोग्राम होगा, जो चंद्रयान-3 मिशन की तुलना में 12 गुना अधिक वजनी होगा। सरकार की मंजूरी के बाद इसरो 2030 में इस मिशन को भेजने में सक्षम होगा। देसाई ने बताया, मंगल मिशन के तहत न सिर्फ उपग्रह को मंगल की कक्षा में स्थापित करेंगे, बल्कि उसकी सतह पर उतरने का भी प्रयास करेंगे। अगले दो वर्ष में गगनयान भी लॉन्च किया जाएगा। यह मानवरहित यान होगा। इसके बाद मानव को मंगल मिशन पर भेजा जाएगा। सरकार ने अपना अंतरिक्ष स्टेशन बनाने की अनुमति भी दे दी। इसके पांच मॉड्यूल में से पहला 2028 में लॉन्च किया जाएगा।

### जमीन अधिग्रहीत करने की राज्य सरकार की कार्रवाई रद्द कर दी

# उच्चतम न्यायालय ने यमुना एक्सप्रेसवे के विकास के लिए भूमि अधिग्रहण को बरकरार रखा

एजेंसी, नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने एक अहम फैसले के तहत उत्तर प्रदेश के गौतम बुद्ध नगर जिले में यमुना एक्सप्रेसवे और उसके आसपास के क्षेत्रों के एकीकृत विकास के लिए भूमि अधिग्रहण की वैधता को बरकरार रखा। शीर्ष अदालत ने जमीन मालिकों और यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (वाईईआईडीए) की ओर से दायर अपील और 'क्रॉस-अपील' पर सुनवाई के दौरान यह आदेश पारित किया। ये मामले इलाहाबाद उच्च न्यायालय के दो विरोधाभासी फैसलों से उपजे थे।



एक फैसले में वाईईआईडीए की ओर से भूमि अधिग्रहण को बरकरार रखा गया था, जबकि दूसरे फैसले में अति आवश्यक धाराओं को लागू करते हुए किसानों की जमीन अधिग्रहीत करने की राज्य सरकार की कार्रवाई रद्द कर दी गई थी। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने जमीन मालिकों की याचिकाएं खारिज कर दीं, जबकि वाईईआईडीए की ओर से दाखिल अर्जियों को स्वीकार कर लिया। इसी के साथ भूमि अधिग्रहण अधिनियम-1894 के अति आवश्यक प्रावधानों को लागू करने पर लंबे समय से चले आ रहे विवाद का समाधान हो गया।

### मध्याह्न भोजन करने से 22 छात्र बीमार

**नारायणपेट** । तेलंगाना के नारायणपेट जिले के एक सरकारी स्कूल के कम से कम 22 छात्रों को सिरदर्द और पेट दर्द की शिकायत के बाद मंगलवार को अस्पताल में भर्ती कराया गया। अधिकारी इस बात की जांच कर रहे हैं कि कहीं बच्चे स्कूल में परोसे गए मध्याह्न भोजन की वजह से तो बीमार नहीं पड़े हैं। जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) के अनुसार, प्रभावित छात्रों ने पास की बेकरी और दुकानों से भी खाद्य पदार्थ खरीदकर खाया था, तथा प्रारंभिक जानकारी के आधार पर प्रयोगशाला परीक्षण के लिए वहां से भी नमूने एकत्र कर लिए गए हैं।

### बाइडन के आधिकारिक आवास के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए

# ट्रंप ने बाइडन ने व्हाइट हाउस के साथ किया समझौता

एजेंसी, वॉशिंगटन

अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने व्हाइट हाउस से अपनी सरकार के संचालन को लेकर तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसी कड़ी में उन्होंने मौजूदा राष्ट्रपति जो बाइडन के आधिकारिक आवास के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके तहत ट्रंप की टीम राष्ट्रपति भवन में होने वाले बदलावों के अगले चरण के लिए अभी से तैयारी कर रही है, ताकि वह सरकार में आने के बाद पहले दिन से ही बड़े फैसले लेने के लिए तैयार रहे। ट्रंप की तरफ से उनकी चीफ ऑफ स्टाफ नियुक्ति की गईं सूजी



वाइल्स ने यह जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि पहले की तरह बदलाव के लिए नियुक्ति की गई टीम, आम सेवा प्रशासन (जीएसए) की तरफ से मुहैया कराई गई सरकारी इमारतों और तकनीक का इस्तेमाल नहीं करेगी। ट्रंप की यह टीम स्व-पोषित संगठन की तरह काम करेगी और बदलाव के लिए होने वाले इन खर्चों को भी उठाएगी। डोनाल्ड ट्रंप 20 जनवरी 2025 को अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के तौर पर शपथ लेंगे। इसे लेकर सूजी वाइल्स ने कहा कि अपने कैबिनेट के चुनाव की प्रक्रिया पूरी करने के बाद, नवनिर्वाचित राष्ट्रपति ट्रंप व्हाइट हाउस में बदलाव के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इससे मंत्रिमंडल में शामिल लोगों को अहम तैयारी करने का मौका मिल जाएगा। खासकर अपने-अपने विभागों और एजेंसी में अपनी टीमों की नियुक्ति में, जिससे सत्ता का बदलाव बेहतर ढंग से पूरा हो सकेगा।

CMYK

संपादकीय

# सुप्रीम कोर्ट की बैलेट को ना

**मंगलवार** को सुप्रीम कोर्ट ने उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें याचिकाकर्ता ने अर्जी दाखिल कर कहा था कि देश में वोटिंग बैलेट के जरिये कराए जाने का निर्देश दिया जाए। याचिकाकर्ता डॉक्टर केए पॉल ने पीआईएल दाखिल कर कहा था कि चुनाव आयोग को यह भी निर्देश दिया जाए कि वह उन कैंडिडेंट्स को अयोग्य घोषित करे जिसे चुनाव के दौरान शराब बांटने और अन्य प्रलोभन देने का दोषी पाया जाता है। याचिका में बैलेट से मतदान कराए जाने के अलावा कई अन्य दिशा-निर्देश दिए जाने का भी अनुरोध किया गया था। याचिका खारिज करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने तल्ल टिप्पणी करते हुए कहा कि अगर आप चुनाव जीतते हैं तो ईवीएम सही रहती है। हारने पर ईवीएम में गड़बड़ी का आरोप लगाया जाता है। सुप्रीम कोर्ट की यह टिप्पणी सही हो सकती है, लेकिन जिस तरह से चुनाव में पैसा बांटने, मुफ्त रेवड़ियां बांटने का चलन बढ़ा है, उस पर कम से कम सुप्रीम कोर्ट को संज्ञान लेना चाहिए। चुनाव में हुई धांधली के जो आरोप अदालत में जाते हैं, उनका कम समय में निपटारा किया जाना चाहिए। अक्सर ऐसा होता है कि जिस जीते हुए उम्मीदवार पर हारा हुआ उम्मीदवार धांधली का आरोप लगाता है, उसका निस्तारण कार्यकाल खत्म होने बाद तक भी नहीं किया जाता। शिवसेना और एनसीपी विधायक अयोग्यता मामला अब तक अदालत में अटका हुआ पड़ा है। उस मामले में सिर्फ तारीख पे तारीख मिली। यहां तक कि चुनाव भी हो गए। सुप्रीम कोर्ट ने अजित पवार समेत उनके 41 विधायकों को जवाब दाखिल करने का आदेश दिया था, लेकिन इन विधायकों ने अभी तक अपना जवाब दाखिल नहीं किया है। क्या अदालत का ऐसा करना सही है? अगर तुरंत किए जाने वाले फैसले सालों साल लंबित रहेंगे, तो यह लोकतंत्र के विरुद्ध ही माना जाना चाहिए। महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने शिंदे गुट और अजित पवार गुट में से किसी को भी अयोग्य नहीं ठहराया था। उनके फैसले को शिव सेना के ठाकरे गुट और एनसीपी के शरद पवार गुट ने सुप्रीम कोर्ट में दो अलग-अलग याचिकाओं के जरिए चुनौती दी थी। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच के सामने सुनवाई हुई थी। अब डीवाई चंद्रचूड़ भी रिटायर हो गए और महाराष्ट्र में नए चुनाव भी हो गए। अब अगर विधायकों के मामले में कोई फैसला आता है, तो वह बेमानी होगा।

**जिस तरह से चुनाव में पैसा बांटने, मुफ्त रेवड़ियां बांटने का चलन बढ़ा है, उस पर कम से कम सुप्रीम कोर्ट को संज्ञान लेना चाहिए। नोट के बदले वोट का चलन बढ़ा है।**

पाठकवाणी

### विश्वास करे लेकिन सतर्कता से

**भारत** चीन के बीच सीमा विवाद के निपटान के बाद अब भरोसा बढ़ाने के लिए कवायद शुरू हुई है। नि:संदेह बगैर भरोसे के प्रयासों को हकीकत में बदलना तत्काल संभव नहीं है लेकिन बड़ी बात यह है कि भरोसा टूटेगा तो नहीं? क्योंकि भारत ने जब-जब भी चीन ही नहीं किसी भी देश पर विश्वास किया है तब हमें दगा ही इनाम में मिला है। फिर चीन तो पेट में छुरा घोंपने वाले क्लब में शामिल है ऐसे में उस पर कैसे विश्वास किया जाए। निश्चित रूप से सतर्कता बरतना जरूरी है। बावजूद इसके समय की नजाकत को देखते हुए भारत चीन पर उतना ही भरोसा करें जितनी हमें जरूरत है। जरा सी लापरवाही इतिहास दोहरा सकती है।

**-अमृतलाल मारू 'रवि'**, इंदौर

### कौन बनेगा मुख्यमंत्री

कौन बनेगा मुख्यमंत्री, महाराष्ट्र में आज सबसे बड़ी चर्चा का विषय यही है। भाजपा, शिवसेना (शिंदे) और एनसीपी (अजीत) तीनों ही चाहते हैं कि उनकी पार्टी का नेता ही मुख्यमंत्री बने। मराठा लॉबी अलग चाहती है कि मुख्यमंत्री मराठा ही बने। अजित पवार की पूरी कोशिश है। लेकिन भाजपा जरूर चाहेगी कि इस बार मुख्यमंत्री के पद भाजपा को मिले। यह महाराष्ट्र के लिए शुभ संकेत है कि अब महाराष्ट्र में कोई उठापटक या दल बदल, नहीं होगी। शीघ्र ही महाराष्ट्र में एक मजबूत सरकार बनेगी।

**-वीरेंद्र जाटव**, दिल्ली

कुछ खास



झारखंड का नाम लेने से भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता घबरा क्यों रहे हैं। दो राज्यों में चुनाव हुआ एक इंडिया गठबंधन जीता एक एनडीए गठबंधन जीता, तो मुकाबला एक-एक बराबर हो गया, लेकिन बीजेपी वाले माहौल बना रहे हैं कि वो जीत गए।

**-अनुराग भदौरिया**, सपा प्रवक्ता

आज का ट्वीट



''ईवीएम को चुनाव के बाद कोसने और फिर शांत हो जाने से काम नहीं चलेगा, कोर्ट के अंदर और बाहर लगातार आंदोलन चलाना पड़ेगा।''

**-अशोक कुमार पांडेय**

साइबरवर्ल्ड

## राष्ट्र, महाराष्ट्र और धृतराष्ट्र

**राष्ट्र** प्रसन्न है। महाराष्ट्र उससे भी ज्यादा प्रसन्न है लेकिन सबसे ज्यादा प्रसन्न धृतराष्ट्र हैं। वाक्य थोड़ा गलत है, धृतराष्ट्र प्रसन्न नहीं हैं, बल्कि हमेशा प्रसन्न रहते हैं। जो धृतराष्ट्र होता है, उसके साथ कोई ना कोई संजय भी होता है। लेकिन कलियुग में धृतराष्ट्र अंधा होने के साथ-साथ बहरा भी होता है। संजय कान में आकर चीखता है–विनाश! धृतराष्ट्र मुग्ध भाव से कहता है-ओ विकास बहुत अच्छे। संजय फिर आता और इस बार ज्यादा जोर से चिचियाता है–दंगा..धृतराष्ट्र तत्काल प्रसन्नता जताता है–चंगा। धृतराष्ट्र के दरबार में एक देवी की मूर्ति भी होती है, जिसके हाथ में तलवार होती है और आंखों पर पट्टी बंधी होती है। अचानक देवी की आंखों से वो पट्टी गायब हो गई है। मैं ढूंढ रहा था कि कहां गई, फिर पता चला कि धृतराष्ट्र ने वो पट्टी अपनी आंखों पर बांध ली है, ताकि गलती भी कुछ दिख जाने की आशंका हो तो उसे रोका जा सके। धृतराष्ट्र कोई एक व्यक्ति नहीं है, एक संस्थान स्वरूप पदवी है। धृतराष्ट्र बदलते रहते हैं, लेकिन राष्ट्र के प्रति उनका अवदान नहीं बदलता। एक धृतराष्ट्र वो थे, जिन्होंने दुनिया की सबसे महंगी बाइक पर सवार होकर फोटो खिंचवाई थी और उसके बाद अचानक सार्वजनिक समारोह में उनकी पूरी पतलून बेल्ट समेत गिरकर जूतों तक आई थी। अच्छा हुआ उस वक्त कानून की देवी ने अपनी आंखों से पट्टी नहीं उतारी थी। एक धृतराष्ट्र मी टू वाले थे, जो भगवत कृपा से समस्त आरोपों से मुक्त हुए और आगे चलकर सबसे ज्यादा सदस्य संख्या वाली पार्टी को प्राप्त हुए। जितने में धृतराष्ट्र पिछले दस साल में हुए उनमें से ज्यादातर इसी पार्टी के नेता को अपना मी लार्ड मानते रहे, राष्ट्र यह बात अच्छी तरह जानता है। राष्ट्र को लेकर धृतराष्ट्र हमेशा चिंतित रहते हैं। समय-समय पर अपनी चिंता जताते हैं लेकिन जाने भी दो यारों के आखिरी दृश्य की तरह महाभारत में सलीम-अनारकली का ड्रामा होने देते हैं। धृतराष्ट्र को कुछ लोग घृतराष्ट्र भी मानते हैं। राष्ट्र में आजकल घी की नदियां बहती हैं। अगर घृतराष्ट्र दो चार चम्मच निकालकर अग्निदेवता को समर्पित कर दें तो भला इसमें एतराज लायक बात क्या है।

**-राकेश कायस्थ** की फेसबुक वॉल से

# अंबेडकर नहीं चाहते थे हिंदू राष्ट्र

सामयिक



**शाहीन सबा**

**संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर का कहना था कि 'अगर इस देश में हिंदू राज एक वास्तविकता बन जाता है, तो यह निस्संदेह इस देश के लिए बड़ी आपदा होगी। क्योंकि हिंदू राष्ट्र का सपना आजादी, बराबरी और भाईचारे के खिलाफ है, और यह लोकतंत्र के बुनियादी सिद्धांतों से मेल नहीं खाता...हिंदू राज को किसी भी कीमत पर रोका जाना चाहिए।'**

**भा**रतीय संविधान सभा द्वारा पारित किए गए संविधान को 74 वर्ष पूरे हो गए हैं और अगले वर्ष (26 जनवरी 2025) इसके 75 बरस पूरे हो जाएंगे। मैग्नाकार्टा या 'ग्रेट चार्टर' पर बितार्नी सम्राट द्वारा किए गए हस्ताक्षर के 735 वर्ष बाद भारतीय संविधान मानवाधिकारों की रक्षा के लिए बनाया गया एक ऐसा कानून है जिसकी कोई दूसरी मिसाल नहीं मिलती। मैग्ना-कार्टा ने कानून का शासन स्थापित किया और अंग्रेजी नागरिकों के अधिकारों की गारंटी दी थी। इसी तरह डॉ. भीमराव आंबेडकर द्वारा बनाए गए भारतीय संविधान ने पांच हजार साल से ज्यादा पुरानी प्रथाओं और कानूनों को खत्म कर गुलामी और अस्पृश्यता को अपराध घोषित किया। सभी नागरिकों को बराबरी का दर्जा दिया। जो लोग 1950 में इस संविधान का विरोध कर रहे थे, इसी संविधान का सहारा लेकर देश और कई राज्यों की सत्ता पर काबिज हैं, पर अभी तक दिल से इस दस्तावेज को स्वीकार नहीं कर पाए हैं और आज भी यदा-कदा इसका विरोध कर रहे हैं, अगले वर्ष वे अपने उस संगठन की सौवीं वर्षगांठ मनाने जा रहे हैं जो मनुस्मृति में विश्वास रखते हुए जाति प्रथा का समर्थन करता है और लोकतंत्र विरोधी है।

यह सर्वविदित है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और 'हिंदुत्ववादी संगठनों' ने 1857 में शुरू हुई आजादी की पहली लड़ाई से लेकर 1947 तक 90 सालों तक चले राष्ट्रीय आंदोलन को, उसके नेतृत्व को, उसकी विचारधारा को और उस आधार पर बने देश के संविधान को कभी स्वीकार नहीं किया और लोकतांत्रिक व्यवस्था की हमेशा मुखालिफत की। खुद को सांस्कृतिक संगठन कहने और मुखौटा लगाकर पहले हिंदू महासभा, रामराज्य परिषद फिर भारतीय जनसंघ और 1980 से भारतीय जनता पार्टी के रूप में राजनीति करने वाले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की क्या विचारधारा रही है, इस पर गौर किया जाना जरूरी है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जिन्हें अपना पुरखा मानता है और स्वयंसेवक जिनके मानस पुत्र हैं, वे हैं विनायक दामोदर सावरकर और संघ के दूसरे सरसंघचालक माधव सदाशिव गोलवलकर उर्फ गुरुजी। गोलवलकर हिटलर की विचारधारा से बहुत प्रभावित थे और उसे भारत में लागू करना चाहते थे। गोलवलकर की एक किताब है 'वी ऑर आवर नेशनहुड डिफाइंड।' 1946 में प्रकाशित इस किताब के चतुर्थ संस्करण में गोलवलकर लिखते हैं, 'हिंदुस्तान के सभी गैर-हिंदुओं को हिंदू संस्कृति और भाषा अपनानी होगी, हिंदू धर्म का आदर करना होगा और हिंदू जाति अथवा संस्कृति के गौरव गान के अलावा कोई विचार अपने मन में नहीं रखना होगा।' इसी किताब के पृष्ठ 42 पर वे लिखते हैं कि 'जर्मनी ने जाति और संस्कृति की शुद्धता बनाए रखने के लिए सेमेटिक यहूदी जाति का सफाया कर पूरी दुनिया को अचंभित कर दिया था। इससे जातीय गौरव के चरम रूप की झांकी मिलती है।' गोलवलकर की एक और किताब है 'बंच ऑफ थॉट्स'। इस किताब के नवंबर 1966 संस्करण में गोलवलकर देश के तीन आंतरिक खतरों की चर्चा करते हैं: मुसलमान, ईसाई और कम्युनिस्ट।



वे वर्ण व्यवस्था यानी जाति व्यवस्था के भी प्रबल समर्थक हैं। वे लिखते हैं, 'हमारे समाज की विशिष्टता थी वर्ण व्यवस्था, जिसे आज जाति व्यवस्था बताकर उसका उपहास किया जाता है। समाज की कल्पना सर्वशक्तिमान ईश्वर की चतुरंग अभिव्यक्ति के रूप में की गई थी जिसकी पूजा सभी को अपनी योग्यता और अपने ढंग से करनी चाहिए। ब्राह्मण को इसलिए महान माना जाता था क्योंकि वह ज्ञान दान करता था। क्षत्रिय भी उतना ही महान माना जाता था क्योंकि वह शत्रुओं का संहार करता था। वैश्य भी कम महत्वपूर्ण नहीं था क्योंकि वह कृषि और वाणिज्य के द्वारा समाज की आवश्यकताएं पूरी करता था और शूद्र भी जो अपनी कला कौशल से समाज की सेवा करता था।' इसमें बड़ी चालाकी से गोलवलकर ने जोड़ दिया कि शूद्र अपने हुनर और कारीगरी से समाज की सेवा करते हैं लेकिन इस किताब में गोलवलकर ने चाणक्य के जिस अर्थशास्त्र की तारीफ की है, उसमें लिखा गया है कि ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्यों की सेवा करना शूद्रो का सहज धर्म है। सहज धर्म की जगह गोलवलकर ने जोड़ दिया समाज की सेवा।

समाजवाद और कम्युनिज्म को वे पराई चीज मानते हैं। वह लिखते हैं कि 'यह जितने इज्म है यानी सेक्युलरिज्म, सोशलिज्म, कम्युनिज्म और डेमोक्रेसी यह सब विदेशी धारणाएं हैं और इनका त्याग करके हमको भारतीय संस्कृति के आधार पर समाज की रचना करनी चाहिए।' राष्ट्रीय आंदोलन के दौरान संघ-राज्य की कल्पना को स्वीकार किया गया था यानी केंद्र के ज़िम्मे कुछ निश्चित विषय होंगे। बाकी राज्यों के अंतर्गत होगें। लेकिन उन्होंने भारतीय संविधान के इस आधारभूत तत्व का भी विरोध किया।

देश आजाद होने के समय और विभाजन के बाद भी राष्ट्रीय नेताओं ने महात्मा गांधी के नेतृत्व में इस देश को एक 'लोकतांत्रिक गणराज्य' के रूप में स्थापित किया। ये नेता चाहते तो 15 अगस्त 1947 को इस देश को हिंदू राष्ट्र घोषित कर सकते थे क्योंकि मुस्लिम लीग और उसके नेता मोहम्मद अली जिन्ना मुसलमानों के लिए अलग राष्ट्र पाकिस्तान हासिल कर चुके थे और भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने में कोई दिक़्कत नहीं होती। लेकिन इन नेताओं ने सामूहिक रूप से प्रण लिया कि वह इस महान देश हिंदुस्तान को पाकिस्तान नहीं बनने देंगे।

राष्ट्रीय आंदोलन के दौरान उन्होंने देश की जनता से तमाम वायदे किए थे- स्वतंत्र भारत को सार्वभौम, धर्मनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक गणराज्य बनाया जाएगा जिसमें देश के नागरिकों को बराबरी और आजादी, अपने धर्म को मानने तथा पूजा अर्चना करने और प्रचार करने की इजाजत मिलेगी, तथा न्याय सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक तथा भाईचारा और व्यक्ति की प्रतिष्ठा सुनिश्चित की जाएगी। इन नेताओं ने ऐसा संविधान अंगीकृत किया जिसमें हर नागरिक को बराबरी का अधिकार दिया गया। लेकिन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ इस देश में जिस तरह की विचारधारा थोपना चाहता है और यदि उसके मनमुताबिक होता रहा जैसा नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले दस वर्षों से हो रहा है तो देश का संवैधानिक ढांचा क्या होगा? क्या उसका मूल स्वरूप यही रहेगा या उसे बदलकर देश को लोकतांत्रिक समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष गणराज्य के बजाय कानूनी रूप से 'हिंदू राष्ट्र' बनाया जाएगा, जिसमें केवल हिंदू धर्म के मानने वालों की श्रेष्ठता होगी और दूसरे धर्मों के लोग दूसरे दर्जे के नागरिक बनकर इस देश में रहने को बाध्य होंगे। जहां जाति आधारित समाज की रचना होगी और मनुस्मृति के तहत देश का शासन चलाया जाएगा।

संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर का कहना था कि 'अगर इस देश में हिंदू राज एक वास्तविकता बन जाता है, तो यह निस्संदेह इस देश के लिए सबसे बड़ी आपदा होगी और एक खौफनाक मुसीबत होगी क्योंकि हिंदू राष्ट्र का सपना आजादी, बराबरी और भाईचारे के खिलाफ है, और यह लोकतंत्र के बुनियादी सिद्धांतों से मेल नहीं खाता...हिंदू राज को किसी भी कीमत पर रोका जाना चाहिए।'

अमृतवाणी

## सीखने के लिए

**यह** घटना 1947 के आसपास की है। लेस्टर वंडरमैन नामक युवक न्यूयॉर्क की एक विज्ञापन एजेंसी में काम कर रहा था। एक दिन एजेंसी के मालिक को लगा कि यदि वह कुछ कर्मचारियों की छंटनी कर दे तो उसे अधिक मुनाफा होगा। यह सोचकर उसने अनेक कर्मचारियों को एजेंसी से हटा दिया। वंडरमैन भी उनमें से एक था। नौकरी से निकाले जाने के बाद भी वह एजेंसी में आकर कार्य करता रहा। वहां के कर्मचारी उससे बोले, वंडरमैन, जब तुम्हें यहां से निकाल दिया गया है तो तुम यहां काम क्यों कर रहे हो। पहले तो वह सवाल को नजरअंदाज करता, लेकिन जब ज्यादा हो गया तो वंडरमैन ने कहा, मैं बिना तनख्वाह के काम कर रहा हूं। मुझे लगता है कि मैं इस एजेंसी के मालिक से बहुत कुछ सीख सकता हूं। एजेंसी के मालिक सैकहीम वंडरमैन को देखकर नजरअंदाज करते रहे। उन्होंने एक महीने तक उसे नजरअंदाज किया और तनख्वाह भी नहीं दी, लेकिन वंडरमैन ने हार नहीं मानी और वहां काम करता रहा। कुछ समय बाद सैकहीम वंडरमैन के पास आकर बोले, ठीक है, तुम जीत गए। मैंने पहले कभी ऐसा आदमी नहीं देखा, जिसे तनख्वाह से ज्यादा काम प्रिय हो। वंडरमैन वहीं पर काम करता रहा। उसने वहां विज्ञापन की बहुत सी बारीकियां समझीं। जब उसे काम करते हुए काफी अनुभव हो गया तो उसने अपने तरीके और समझ से विज्ञापन बनाना आरंभ कर दिया। इसके बाद वह विज्ञापन की दुनिया में इस कदर छाया कि उसे इस क्षेत्र में सदी के सबसे सफल व्यक्तियों में से एक माना गया। वह सैकहीम के यहां काम करते हुए सैकहीम से ज्यादा प्रसिद्ध हो गया। आज वंडरमैन को डायरेक्ट मार्केटिंग के जनक के रूप में याद किया जाता है।



तीखी नजर

## राजनीति के पेड़ पर सत्ता के फल



राजेंद्र बज

**लो**कतंत्र की राजनीति के पेड़ पर सत्ता के रसीले फल लगा करते हैं। इसके जायके का क्या कहना! इसका स्वाद एक बार भी ले लेने पर आदमी फिर आदमी नहीं रहता, हवा-हवाई हो जाया करता है। इसकी खुमारी जिंदगी भर नहीं जाती। बार-बार हर बार जैसे भी हो, फल पर लपकने की इतनी आतुरता रहा करती है कि चाहे कब्र में पैर लटक जाए, तो भी मन की चाहत कभी कम नहीं होती। अब यह तो पता नहीं कि जिंदगी भर जनसेवा का स्वांग रचने वालों का परलोक सुधरता है या नहीं, लेकिन व्यवहार में यह देखा गया है कि इहलोक तो अवश्य ही संवर जाया ही करता है।

आने वाली अनेक पुश्तों तक की भरपूर व्यवस्था हो जाया करती है। यही नहीं उत्तराधिकारियों के लिए राजमार्ग पर सरपट गति से दौड़ने का स्वर्णिम अवसर भी उपलब्ध हो जाया करता है। राजा-महाराजाओं का दौर तो जाने कब का बीत गया, लेकिन आम आदमी को तो वह जमाना आज भी दिखाई देता है। अंतर फकत इतना है कि आजकल लोकतांत्रिक राजघराने के दीदार होते हैं। राजनीति के मैदान में वही इने-गिने चेहरे हैं, जिनके सिर पर ताज की प्रबल संभावनाएं दिखाई देती है। वैसे कभी-कभी बिल्ली के भाग्य से छींका भी टूट जाता है। अन्यथा कुछ भाग्य विधाता ऐसे भी होते हैं जो दूसरों का भाग्य जागृत करने के आश्वासन के साथ अपना भाग्य जगा लेते हैं।

राजनीति की प्रचलित शब्दावली में इस प्रक्रिया को जोड़-तोड़ की राजनीति करार दिया जाता है। इसमें जो पारंगत होता है उसकी सत्ता सरकार बदल जाने के बाद भी नहीं बदलती। ऐसे सदाबहार नेता कभी-कभी तो इतने महिमामंडित हो जाते हैं कि इन्हें 'किंग मेकर' के नाम से जाना जाता है। इनके लिए राहु-केतु भी उनके अनुकूल चला करते हैं। यह अपनी जन्म कुंडली स्वयं लिखते हैं और उसकी व्याख्या करते हैं। दरअसल नेता ही नायक बनता है जनता तो नायक बन ही नहीं सकती। वैसे राजनीति के पंछी आमतौर पर अपनी ही डाल पर फुदकते रहा करते हैं।

लेकिन व्यवहार में देखा गया है कि कुछ पंछी कभी इस डाल पर तो कभी उस डाल पर फल की आशा में डेरा जमा लेते हैं। आजकल की राजनीति बिना राजनीतिक नफा-नुकसान का आकलन किए, केवल और केवल समय की बबार्दी के अतिरिक्त और कुछ नहीं है। रहा सवाल नीति और सिद्धांतों का, तो इसे तो ताक पर रखकर ही राजनीति की प्रचलित परंपरा के अनुसार आचरण और व्यवहार का निर्धारण करना होता । अब राजनीति में आचरण के बारे में कोई बात पक्के तौर पर नहीं कही जा सकती, लेकिन व्यवहार को खुली आंखों से देखा जा सकता है। राजनेताओं का व्यवहार काफी हद तक नाटकीय हुआ करता है। यही नहीं अपितु अपने मन की भावुकता, हमदर्दी, सदाशयता और जनहित के प्रति सक्रियता को मीडिया के सामने भुनाने की हर संभव कोशिश रहा करती है।

नजरिया

# महिलाओं को आर्थिक मदद जीत का नुस्खा



**शाहिद नकवी**

**मध्य प्रदेश से निकला फॉर्मूला अब रंग दिखा रहा है। महिलाओं को आर्थिक मदद देकर मतदाता के रूप में उनका समर्थन जीतने का जो गेमचेंजर प्लान मप्र में शिवराजसिंह चौहान ने ईजाद किया था, वह हर सत्तारूढ़ पार्टी के लिए जीत का शर्तिया नुस्खा साबित हो रहा है।**

**ये** सत्य है कि हर हार के बाद भाजपा के नेता सबक लेते हैं। लेकिन हर जीत के बाद विपक्ष के गुब्बारे फूल जाते हैं। जैसा लोकसभा चुनाव के बाद देखने को मिला कि भाजपा जीत के बाद भी खामोश नहीं रही। जबकि विपक्ष सत्ता से दूर रहने के बाद भी रणनीतिक भूल करता रहा। यहां तक कि वह ठीक से गठबंधन धर्म भी नहीं निभा सका। उत्तर प्रदेश में सपा अपनी सफलता पर इतना इतराने लगी कि उसने उप चुनाव में कांग्रेस से बिना बात किए हुए ही नौ में से सात सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़े कर दिए। ऐसे में कांग्रेस ने मैदान से हटना ही बेहतर समझा। राहुल गांधी एक बार भी यूपी नहीं आए। वह केरल और महाराष्ट्र में ही डटे रहे। लोकसभा की तर्ज पर इंडिया गठबंधन जाति जनगणना का कार्ड खेलता रहा। जबकि एनडीए ने योगी के नारे बंटेंगे तो कटेंगे के साथ एक हैं तो सेफ हैं जोड़ कर जातीय एकजुटता से इसकी काट निकाल ली।

नतीजे बताते हैं कि उत्तर प्रदेश से महाराष्ट्र तक वोटों की गोलबंदी में ये नारा रामबाण साबित हुआ। इसी नारे की बिना पर योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश की 9 विधानसभा के उपचुनाव में 7 पर भगवा फहरा गए। हां, झारखंड में कांग्रेस भले ही गुब्बारे फुलाती रहे, लेकिन महाराष्ट्र और यूपी उप चुनाव के नतीजे कई साफ संदेश दे गए हैं। अब तक ये रवायत रही है कि उप चुनाव सत्ता पक्ष के समर्थन वाला प्रस्ताव ले कर खामोशी से गुजर जाते हैं, लेकिन ये उपचुनाव शोरगुल मचाते हुए अखिलेश यादव और इंडिया गठबंधन के पीडीए और माई समिकरण पर भी सवालिया निशान लगा कर गुजरें हैं। कुंदरकी और करहल विधानसभा सीटों के नतीजे काबिले गौर हैं। सपा मुखिया की पुश्तैनी सीट करहल में 22 के चुनाव में सपा 64 हजार मतों से जीती थी, लेकिन इस बार जीत का अंतर केवल 14 हजार रहा। वहीं कुंदरकी जहां भाजपा तीन दशक से जीत के लिए तरस रही थीं, वहां सपा के मुस्लिम उम्मीदवार अपनी जमानत तक नहीं बचा सके। जबकि यहां 65 प्रतिशत से अधिक मुस्लिम मतदाता हैं। इस सीट पर सपा सहित 11 मुस्लिम उम्मीदवार मैदान में थे, लेकिन वोटों का बंटवारा ऐसा नहीं हुआ जिससे सपा की हार होती।

भाजपा के रामवीर सिंह को 170371 वोट मिले और वह 144791 वोट के भारी अंतर से जीत गए। सपा के रिजवान को केवल 25580 वोट मिले। वोटों का अंतर बताता है कि यहां मुस्लिम वोट भाजपा के खाते में भी गए। मतदान प्रतिशत और भाजपा उम्मीदवार को मिले मत ये साबित करते हैं कि बिना मुस्लिम समर्थन के रामवीर सिंह की इतनी बड़ी जीत सम्भव नहीं। इसी तरह करहल में सपा की जीत का अंतर कम होना ये बताता है कि उसके वोट बैंक में सेंधमारी उसके परम्परागत गढ़ तक पहुंच गई है। फूलपुर में भी सपा का पीडीए हवा में ही रहा, लोकसभा में यहां 18000 की बढ़त 11 हजार की हार में बदल गई। सपा पीडीए का नारा देती है और सुरक्षित सीट पर परिवार को प्रमुखता देती है, जाहिर है ये बात कार्यकर्ताओं के साथ मतदाताओं को भी खटकी होगी। ये भी काबिले गौर है कि महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ भाजपानीत महा आघाड़ी की प्रचंड जीत और विपक्षी कांग्रेसनीत महाविकास आघाड़ी की दारूण पराजय एवं झारखंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा की अगुवाई में यूपीए की सत्ता में शानदार वापसी के मूल में कॉमन? बात इन राज्यों में सत्तारूढ़ सरकारों द्वारा महिलाओं को सीधा आर्थिक लाभ देना है।



मध्य प्रदेश से निकला फॉर्मूला अब रंग दिखा रहा है, यह बात शीशे की तरह साफ है कि महिलाओं को आर्थिक मदद देकर मतदाता के रूप में उनका समर्थन जीतने का जो गेमचेंजर प्लान मप्र में पूर्व मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने ईजाद किया था, वह न सिर्फ भाजपा बल्कि हर सत्तारूढ़ पार्टी के लिए जीत का शर्तिया नुस्खा साबित हो रहा है। यही कारण है कि महिलाएं बड़ी संख्या में वोट कर रही हैं और उस सत्तारूढ़ पार्टी के पक्ष में वोट कर रही हैं, जो हर माह उनके खाते में निश्चित राशि सीधे जमा कर रही है। महाराष्ट्र में चुनाव से पहले 'लाडकी बहिण योजना' शुरू की थी। इस योजना के तहत, 21 से 65 साल की उन महिलाओं को हर महीने 1,500 रुपये की मदद दी जाएगी, जिनकी सालाना कमाई 2.5 लाख से कम होगी इस योजना के तहत राज्य की एक करोड़ महिलाओं को फायदा मिलता है। महाराष्ट्र में 65.22 फीसदी महिला वोटरों ने वोटिंग की थी। इसी तरह झारखंड में भी सोरेन सरकार 'मंईयां योजना' चलाती है। इसके तहत 21 से 50 साल की उम्र की महिलाओं को हर महीने 1 हजार रुपये की मदद मिलती है। हालांकि, ये मदद उन्हीं महिलाओं को मिलती है, जिनकी सालाना कमाई 3 लाख रुपये से कम है। इस योजना से 48 लाख महिलाओं को फायदा होता है। चुनाव से पहले सोरेन सरकार ने मंईयां योजना की राशि एक हजार रुपये से बढ़ाकर 2,500 करने का ऐलान किया। कुल महिला वोटरों में से 70.46 फीसदी ने वोट डाला। महिलाओं की ये जबरदस्त वोटिंग सोरेन सरकार के लिए निर्णायक साबित हुई। यानी महंगाई और बेरोजगारी जैसे ज्वलंत मुद्दों पर मुफ्त की रेवड़ी भारी है।

योगी आदित्यनाथ के बंटेंगे तो कटेंगे नारे के बाद महिला धन योजना ने महाराष्ट्र में बहुसंख्यक वोटरों को महायुति और एनडीए के पक्ष में एकजुट होने को इस कदर प्रेरित किया कि महायुति के घटक अजित पवार की राकांपा और शिंदे द्वारा खड़े किए कुछ मुस्लिम उम्मीदवार भी इस लहर में जीत का सेहरा बांध गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और योगी आदित्यनाथ के हिंदुत्व,राष्ट्रवाद के सामने राहुल गांधी का संविधान बचाने का मुद्दा उस काठ की हांडी की तरह साबित हुआ, जो विस चुनाव के चूल्हे पर नहीं चढ़ सकी।

## सार संक्षेप

### इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए जैकब बेथेल को मौका

**लंदन :** इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाले पहले टेस्ट के लिए बेन स्टोक्स की अगुवाई वाली टीम में युवा खिलाड़ी जैकब बेथेल को पदार्पण का मौका दिया है। इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड के साथ होने वाले आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के शुरुआती मुकाबले के लिए टीम की घोषणा कर दी है। बेथेल ने ऑस्ट्रेलिया और वेस्टइंडीज के खिलाफ सफेद गेंद सीरीज के दौरान हाल ही में शानदार फॉर्म के दम पर एकादश में जगह बनाई है और वह पदार्पण टेस्ट में तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे। ऑलराउंडर बेन स्टोक्स टीम के कप्तान होंगे। क्रिस वोक्स, गस एटकिसन और ब्रायडन कार्से को तेज गेंदबाजी की कमान सौंपी गई और स्पिनर की जिम्मेदारी शोएब बशीर पर होगी। उल्लेखनीय है कि इंग्लैंड अगले साल के विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के लिए दावेदारी से बाहर है। जबकि न्यूजीलैंड अभी भी घरेलू मैदान पर 3-0 से सीरीज जीतकर चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बना सकता है। पहला टेस्ट क्राइस्टचर्च में गुरुवार को शुरू होगा। सीरीज के आखिरी दो टेस्ट वेलिंगटन और हैमिल्टन में खेले जाएंगे। इंग्लैंड एकादश: जैक क्रॉली, बेन डकेट, जैकब बेथेल, जो रूट, हैरी ब्रुक, ओली पोप (विकेट कीपर), बेन स्टोक्स (कप्तान), क्रिस वोक्स, गस एटकिंसन, ब्रायडन कार्से और शोएब बशीर ।

### गौतम गंभीर फैमिली फंक्शन में हिस्सा लेने भारत लौट रहे



**पर्थ :** भारतीय टीम के हेड कोच गौतम गंभीर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के बीच स्वदेश लौट रहे हैं। वे कैनबरा में 30 नवंबर से शुरू हो रहे दूसरे प्रैक्टिस मैच में भारतीय टीम के साथ नहीं रहेंगे। हालांकि, 6 दिसंबर से होने वाले एडिलेड टेस्ट से पहले टीम से जुड़ जाएंगे। मिली जानकारी के अनुसार, 'गंभीर एक पारिवारिक समारोह में हिस्सा लेने के लिए भारत आ रहे हैं। गंभीर के एक करीबी ने बताया कि गंभीर के परिवार में एक समारोह है। पहले और दूसरे मैच के बीच गैप भी है, इसलिए वे स्वदेश लौट रहे हैं। वे दूसरे टेस्ट से पहले टीम से जुड़ जाएंगे। भारतीय टीम आज कैनबरा जाएगी, जहां टीम इंडिया को 30 नवंबर से प्राइम मिनिस्टर-11 के खिलाफ दूसरा प्रैक्टिस मैच खेला जाएगा। फिलहाल, भारतीय टीम 5 टेस्ट की सीरीज में 1-0 से बढ़त पर है। भारतीय टीम ने पर्थ टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया को 295 रन से हराया। नायर और मोर्केल की देखरेख में ट्रेनिंग गौतम गंभीर की गैरमौजूदगी में भारतीय टीम अन्य कोचिंग स्टॉफ की देखरेख में ट्रेनिंग करेगी। इसमें असिस्टेंट कोच अभिषेक नायर और रेयान टेन डोशेट, बॉलिंग कोच मोर्ने मोर्कल और टी दिलीश कप्तान रोहित शर्मा की सलाह पर ट्रेनिंग देंगे।

### डोरेमोन देखते थे वैभव सूर्यवंशी



**नई दिल्ली :** आईपीएल मेगा ऑक्शन में करोड़पति बने 13 साल के वैभव सूर्यवंशी को कार्टून देखने की आदत थी। उनके पिता संजीव ने बताया कि क्रिकेट में जुनून बढ़ा तो वैभव ने डोरेमोन देखना छोड़ दिया। वैभव बिहार में समस्तीपुर जिले के छोटे से गांव मोतीपुर के रहने वाले हैं। ऑक्शन में वैभव को 1.10 करोड़ रुपए की कीमत देकर राजस्थान रॉयल्स ने खरीदा। इसी के साथ वह आईपीएल इतिहास के सबसे युवा करोड़पति बने। उनसे पहले प्रयास रे बर्मन 16 साल की उम्र में आईपीएल से करोड़पति बने थे। संजीव सूर्यवंशी ने बताया कि वो सिर्फ हमरा बिटवा नहीं, पूरा बिहार का बिटवा है। आपको क्या बताएं, हमने तो अपना जमीन तक बेच दिया। अभी भी हालत पूरा सुधरा नहीं है। मेरे बेटे ने बहुत मेहनत की है। 8 साल की उम्र में वह जिले की अंडर-16 टीम में सिलेक्ट हो गया था। मैं उसे कोचिंग दिलाने के लिए समस्तीपुर ले जाता था। कोचिंग खत्म होने के बाद मैं ही उसे वापस भी लाता था। साढ़े 8 साल की उम्र में बीसीसीआई ने उसका बोन (हड्डी) टेस्ट भी कराया। वह भारत के लिए अंडर-19 खेल चुका है और मुझे किसी का डर नहीं है। अगर उसे फिर उम्र टेस्ट में बैठना पड़ा तो उसमें भी वह पास हो जाएगा। वैभव के पिता ने बताया, 'राजस्थान रॉयल्स ने उसे नागपुर में ट्रायल्स के लिए बुलाया। कहा कि 6 गेंद पर 17 रन बनाने हैं। बिटवा ने 3 छक्का मारा। ट्रायल्स में 8 छक्का और 4 चौवा मारा। राजस्थान ने ही आखिर में वैभव को 1.10 करोड़ रुपए में खरीदा। वैभव की बेस प्राइस 30 लाख रुपए थी, लेकिन उसके लिए दिल्ली कैपिटल्स ने भी बोली लगाई। आखिर में राजस्थान ने उसे खरीद लिया।

# चैंपियंस ट्रॉफी पाक में होगी या नहीं, फैसला 29 को

### पाक जाने से मना कर चुका है भारत , पीसीबी हाइब्रिड मॉडल के लिए तैयार नहीं



**दुबई, वार्ता :** अगले साल फरवरी में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी पाकिस्तान में होगी या नहीं, इसका फैसला 29 नवंबर को होगा। रिपोर्ट के मुताबिक, आईसीसी ने दुबई में बोर्ड मीटिंग बुलाई है। पाकिस्तान को चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी मिलने के बाद भारत ने सुरक्षा कारणों का हवाला देकर वहां जाने से मना कर दिया था। तब यह माना जा रहा था कि एशिया कप की तरह चैंपियंस ट्रॉफी भी हाइब्रिड मॉडल पर होगी। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने पहले भारत के सभी मैच लाहौर में कराने और मैच के बाद खिलाड़ियों को भारत भेजने का प्रस्ताव रखा था। भारत ने इसे नहीं माना तो (पीसीबी) ने हाइब्रिड मॉडल के लिए भी मना कर दिया। आईसीसी मीटिंग में हाइब्रिड मॉडल का प्रस्ताव रख सकता है, अगर पीसीबी ने इसे नहीं माना तो उससे मेजबानी छिन सकती है। भारत पर पाकिस्तान जाकर खेलने का दबाव बनाने के चांस कम ही हैं। 2008 में मुंबई हमले के बाद से ही भारतीय टीम पाकिस्तान नहीं गई है।

पाकिस्तान ने स्टेडियम का रि-कंस्ट्रक्शन कराया पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) चैंपियंस ट्रॉफी 2025 को लेकर लगातार तैयारी कर रहा है। पीसीबी ने तीनों स्टेडियम का काम तकरीबन पूरा कर लिया है। उन्होंने लाहौर, कराची और रावलपिंडी स्टेडियम के रिनोवेशन पर 12.5 बिलियन पाकिस्तान रुपए खर्च किए हैं। जबकि भारत सरकार ने पहले ही अपनी टीम को पाकिस्तान भेजने से इनकार कर दिया था। बीसीसीआई ने आईसीसी को बताया था कि टीम टूर्नामेंट को पाकिस्तान में नहीं खेलेगी। यदि पाकिस्तान हाइब्रिड मॉडल पर नहीं मानता है, तो फिर टूर्नामेंट दूसरे देश में शिफ्ट हो सकता है। आईसीसी ने बीसीसीआई से पूछा था कि टीम इंडिया को पाकिस्तान न भेजने की वजह बताएं। आईसीसी ने बीसीसीआई से चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम को पाकिस्तान न भेजने के लिए लिखित में जवाब मांगा था। अठक ने पाकिस्तानी चैनल जियो न्यूज की रिपोर्ट के हवाले से लिखा, पीसीबी ने आईसीसी से भारत के जवाब की लिखित कॉपी मांगी है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने टीम इंडिया के पाकिस्तान न जाने को लेकर आईसीसी से जवाब मांगा था। क्रिकबज की रिपोर्ट के मुताबिक, पीसीबी स्पोक्सपर्सन ने बताया था पाकिस्तान में सुरक्षा की दिक्कत नहीं है। इसीलिए न्यूजीलैंड, इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया की टीमों ने यहां का दौरा किया था। जब ये टीमें आ सकती हैं तो टीम इंडिया क्यों नहीं? एशिया कप में पाकिस्तान नहीं गया था भारत, हाइब्रिड मॉडल अपनाया गया। भारत ने एशिया कप के फाइनल में श्रीलंका को 10 विकेट से हराया था।पिछले साल सितंबर में एशिया कप खेला गया था। पाकिस्तान को इसकी मेजबानी मिली थी, लेकिन भारत ने पाकिस्तान जाने से इनकार कर दिया था। इसके बाद एसीसी ने यह टूर्नामेंट हाइब्रिड मॉडल में कराया। भारत के सभी मुकाबले श्रीलंका में खेले गए और बाकी टूर्नामेंट पाकिस्तान में हुआ। पाकिस्तान ने भारत से अपना मुकाबला श्रीलंका में खेला था। पाकिस्तान की टीम पिछले साल वनडे वर्ल्ड कप खेलने के लिए भारत आई थी। तब इंडिया और पाकिस्तान के बीच अहमदाबाद में 14 अक्टूबर को मुकाबला खेला गया था। इस मैच को भारतीय टीम ने 7 विकेट से जीता था। कप्तान रोहित शर्मा और श्रेयस अय्यर ने फिफ्टी जमाई थी। जसप्रीत बुमराह प्लेयर ऑफ द मैच बने थे। उन्होंने 19 रन देकर 2 विकेट लिए थे। टीम इंडिया ने 2008 में आखिरी बार पाकिस्तान का दौरा किया था। 3 टेस्ट मैचों की उस सीरीज को भारतीय टीम ने 1-0 से जीता था। इस सीरीज के 2 मैच ड्रॉ रहे थे। वहीं पाकिस्तान ने 2012-13 में भारत का आखिरी दौरा किया था। उस दौरे में 3 वनडे और 2 टी-20 मैचों की बाइलैटरल सीरीज खेली गई थी।

वनडे सीरीज को पाकिस्तान ने 2-1 से जीता था, जबकि टी-20 सीरीज 1-1 की बराबरी पर रही थी। भारतीय टीम ने 2007-08 के बाद से पाकिस्तान का दौरा नहीं किया है। 2008 में मुंबई पर आतंकी हमले के बाद भारत सरकार ने पाकिस्तान में क्रिकेट खेलने से मना कर दिया। तब से दोनों टीमें आईसीसी और एसीसी के टूर्नामेंट में ही खेलती हैं। 2013 के बाद से दोनों टीमें 13 वनडे और 8 टी-20 मैच न्यूट्रल वेन्यू पर खेल चुकी हैं। पाकिस्तान में 2009 के दौरान श्रीलंका टीम पर भी आतंकी हमला हो चुका है।

### दूसरे टेस्ट के लिए टीम में कोई नहीं होगा बड़ा बदलाव : मैकडोनाल्ड

**एडिलेड, वार्ता :** पर्थ टेस्ट में भारत के हाथों मिली करारी हार के बाद ऑस्ट्रेलिया के कोच और चयनकर्ता एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने कहा कि दूसरे टेस्ट के लिए टीम में कोई बड़ा बदलाव नहीं किया जा रहा है। पहले टेस्ट मैच में हार के बाद मैकडोनाल्ड ने कहा कि एडिलेड के चेंजरूम में वही खिलाड़ी होंगे। उन्होंने कहा कि आप दुनिया में कहीं भी जाएं परिस्थितियों के हिसाब से हमेशा खिलाड़ियों को चुनने पर विचार किया जाता है। आईसीसी की रिपोर्ट के अनुसार पर्थ में खेली गई एकादश के अलावा ऑस्ट्रेलिया की टीम में विकेटकीपर और बैक-अप बल्लेबाज जॉश इंग्लिस और तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड को दूसरे टेस्ट के लिए चुना जा सकता है। मैकडोनाल्ड ने स्वीकार किया कि नंबर तीन बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन फॉर्म में नहीं है जो कुछ चिंता का विषय है, लेकिन ऑस्ट्रेलियाई कोच को भरोसा है कि दाएं हाथ का यह खिलाड़ी जल्दी ही लय में आयेगा और वह स्थिति बदल सकता है। मैकडोनाल्ड ने आगे ऐसी किसी भी संभावना से इंकार किया कि ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट सितारे भारत के खिलाफ 6 दिसंबर को एडिलेड ओवल में शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट मैच से पहले घरेलू क्रिकेट में वापसी कर सकते हैं। उन्होंने घरेलू क्रिकेट में खेल रहे खिलाड़ियों की एडिलेड में वापसी की संभावना से इंकार करते हुए कहा कि हमारे दिमाग में यह बात नहीं आई है। उन्होंने मार्श के प्रदर्शन को लेकर कहा कि हम ऑलराउंडर की गेंदबाजी से संतुष्ट हैं।

## बी.सुमित-सिकी, ध्रुव व तनीषा मिश्रित युगल के प्री क्वार्टर फाइनल में



● लखनऊ, ब्यूरो

**भारत** के बी.सुमित रेड्डी व सिकी रेड्डी की शीर्ष वरीय भारतीय जोड़ी ने सैयद मोदी इंडिया इंटरनेशनल एचएसबीसी वर्ल्ड टूर सुपर 300 बैडमिंटन चैंपियनशिप 2024 में मिश्रित युगल में शानदार जीत से अपना अभियान शुरू करते हुए प्री क्वार्टर फाइनल में स्थान सुरक्षित किया।

योनेक्स सनराइज बाबू बनारसी दास बैडमिंटन अकादमी में मंगलवार को पहले दिन मुख्य ड्रा में मिश्रित युगल के पहले दौर के मुकाबले खेले गए। चैंपियनशिप में बुधवार को मुख्य ड्रा के अन्य वर्गों के मुकाबलों की शुरुआत होगी। खेले गए मिश्रित युगल के मुकाबलों में भारत के पांचवी वरीय ध्रुव कपिला व तनीषा क्रैस्टो, सातवीं वरीय रोहन कपूर व रूत्विका शिवानी गड्डे ने भी अंतिम 16 में जगह बना ली। पहले दौर में भारत की आठवीं वरीय असिथ सूर्या व अमृता पी.की जोड़ी को उलटफेर का सामना करना पड़ा। खेले गए मुकाबले में बी.सुमित रेड्डी व सिकी रेड्डी की शीर्ष वरीय जोड़ी ने भारत के ही एस.संजीथ व गौरी कृष्णा टीआर की जोड़ी को सीधे गेम में 21-10, 21-18 से हराया। इस जोड़ी ने उम्दा कोर्ट कवरेज के सहारे जीत अपने नाम की। भारत के पांचवी वरीय ध्रुव कपिला व तनीषा क्रैस्टो ने चीन के झांग हान यू व बाओ ली जिग को 12-21, 21-15, 21-17 से हराया। चीनी जोड़ी ने पहले गेम में जीत दर्ज की। इसके बाद भारतीय जोड़ी ने कोर्ट पर शानदार जुगलबंदी का प्रदर्शन किया और दूसरे व तीसरे गेम में जीत अपने नाम कर ली। मिश्रित युगल के पहले दौर के अन्य मुकाबलों में भारत के सातवीं वरीय रोहन कपूर व रूत्विका शिवानी गड्डे ने भारत के नितिन एचवी व अनघा अरविंदा पी को 21-14, 21-12 से हराया। इंग्लैंड के रोरी ईस्टन व लिज्जी टालमैन ने मलेशिया के लियू झून व जू पेई की को 21-11, 18-21, 21-14 से हराया। चीन के झोऊ जी हांग व यांग जिया यी ने भारत के सात्विक रेड्डी कनापुरम व वैष्णवी खडेकर को 21-9, 21-12 से हराया। वहीं भारत के आयुष अग्रवाल व श्रुति मिश्रा की जोड़ी को हार का सामना करना पड़ा। इस जोड़ी को थाईलैंड के फुअनात एच व फुंगफा के ने तीन गेम तक चले मुकाबले में 21-14, 19-21, 21-17 से हराया। पहले गेम में थाई जोड़ी ने जीत दर्ज की। दूसरा गेम आयुष व श्रुति ने जीता लेकिन तीसरे गेम में लय कायम नहीं रख सके। भारत की गैर वरीय दीप रांभिया व सिमरन सिंघी की जोड़ी ने हमवतन आठवीं वरीय असिथ सूर्या व अमृता पी.की जोड़ी को 21-15, 10-21, 23-21 से हराकर उलटफेर किया। भारत के चयनित जोशी व काव्या गुप्ता ने हमवतन नवनीत बोक्का व रितिका ठाकेर को 21-19, 22-20 से हराया। भारत के मोहित व लक्षिता ने भारत के ही तरुण कोना व श्री कृष्णा प्रिया को 19-21, 21-14, 21-11 से हराया।

## खेल संगठनों और उससे जुड़े व्यक्तियों को सम्मानित करेगा फिक्की

● नई दिल्ली,



**भारतीय** वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ (फिक्की) शनिवार को होने वाले 14वें खेल शिखर सम्मेलन 'टर्फ 2024' की मेजबानी करने जा रहा है और खेलों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले संगठनों और इससे संबंधित व्यक्तियों को सम्मानित करेगा।

शिखर सम्मेलन 30 नवंबर को वर्ष 2036 तक भारत को खेलों में मजबूत बनाने के विजन के तहत फिक्की मुख्यालय में आयोजित किया जायेगा। यह शिखर सम्मेलन 'विजन 2036: भारत को एक खेल पावरहाउस बनाना' की व्यापक थीम के साथ, 2036 में ओलंपिक खेलों की मेजबानी करने के भारत के साहसिक प्रयास पर प्रकाश डालेगा और वैश्विक खेल नेतृत्व के रूप में देश के विकास के लिए खाका तैयार करेगा। एक दिवसीय कार्यक्रम में खेल उद्योग से जुड़े प्रमुख लोग शामिल होंगे, जिसमें नीति निर्माता, कॉरपोरेट, एथलीट और वैश्विक विशेषज्ञ शामिल होंगे। इस दौरान जमीनी स्तर पर खेल विकास, खेल निर्माण में नवाचार, खेलों में महिलाओं की भूमिका और भारत में खेल लीगों के विकसित होते पारिस्थितिकी तंत्र जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी। शिखर सम्मेलन का समापन भारत खेल पुरस्कार 2024 के साथ होगा, जिसमें व्यक्तियों और संगठनों को भारतीय खेलों में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया जाएगा। इस वर्ष के पुरस्कारों का निर्णय प्रो कबड्डी लीग के निदेशक चारू शर्मा की अध्यक्षता में एक प्रतिष्ठित जूरी द्वारा किया जाएगा और इसमें प्रमुख खेल हस्तियां और उद्योग जगत के नेता शामिल होंगे। फिक्की स्पोर्ट्स कमेटी के अध्यक्ष एवं जीएमआर स्पोर्ट्स के अध्यक्ष पी.के.एस.वी. सागर ने कहा कि भारतीय खेलों के लिए यह रोमांचक समय और एक खेल क्रांति हो रही है।

## सईम अयूब ने जड़ा नाबाद शतक

### पाकिस्तानी ने दूसरे वनडे में जिम्बाब्वे को 10 विकेट से रौंदा



**बुलावायो, वार्ता :** अबरार अहमद (चार विकेट) और आगा सलमान (तीन विकेट) की शानदार गेंदबाजी के बाद सईम अयूब (नाबाद 113) और अब्दुल्ला शफीक (नाबाद 32) की आतिशी पारियों की बदौलत पाकिस्तान ने मंगलवार को दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में जिम्बाब्वे को 10 विकेट से करारी शिकस्त दी। इसी के साथ पाकिस्तान ने तीन मैचों की सीरीज में 1-1 की बराबरी कर ली हैं।

146 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान के लिए सलामी बल्लेबाज सईम अयूब आतिशी तथा अब्दुला शफीक धैर्यपूर्ण खेल का मुजाहिरा किया। सईम अयूब ने 62 गेंदों में 17 चौके और तीन छक्के लगाते हुये तूफानी अंदाज में (नाबाद 113) रनों की पारी खेली। वहीं अब्दुल्ला शफीक ने 48 गेंदों में चार चौकों की मदद से (नाबाद 32) रन बनाये। पाकिस्तान ने 18.2 ओवर में बिना कोई विकेट खोए 148 रन बनाकर मुकाबला 10 विकेट से जीत लिया। इससे पहले जिम्बाब्वे ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। जिम्बाब्वे की शुरुआत खराब रही और उसने 23 के स्कोर पर अपने दो विकेट गवां दिये। जॉयलोर्ड गम्बी (05) और टी मारुमनी (04) रन बनाकर आउट हुये। डायोन मायर्स और कप्तान क्रेग एर्विन ने पारी संभालने का प्रयास किया। 13वें ओवर में आगा सलमान ने क्रेग एर्विन (18) को आउट कर जिम्बाब्वे को तीसरा झटका दिया। डायोन मायर्स ने टीम के लिये सर्वाधिक (33) रन बनाये। पाकिस्तानी गेंदबाजों के आगे जिम्बाब्वे का कोई भी बल्लेबाज अधिक देर तक पिच पर नहीं टिक सका। एस विलियम्स (31), सिकंदर रजा (17), ब्रायन बेनेट (14) और बी मुजरबानी (11) रन बनाकर आउट हुये। ब्रैंडन मावुता (तीन) और रिचर्ड नगारवा (दो) रन बनाकर आउट हुये। पाकिस्तानी गेंदबाजों ने जिम्बाब्वे को 32.3 ओवर में 145 रन पर ढेर कर दिया।

# पहले टेस्ट में बांग्लादेश हार की कगार पर

## बांग्लादेश ने दूसरी पारी में सात विकेट खोकर बनाए 109 रन, जीत के लिए 225 रन की जरूरत

### केमर रोच, जेडन सील्स ने झटके तीन-तीन विकेट, विंडीज जीत के करीब

● एंटीगुआ,



**केमर** रोच, जेडन सील्स (तीन-तीन) की शानदार गेंदबाजी के दम पर वेस्टइंडीज ने पहले टेस्ट मैच के चौथे दिन बांग्लादेश की दूसरी पारी 109 रन पर सात विकेट झटक कर उसे हार की कगार पर पहुंचा दिया। वेस्टइंडीज जीत से महज तीन विकेट दूर है। वहीं पांचवें दिन बांग्लादेश को 225 रन बनाने असंभव सा दिख रहा है।

दूसरी पारी में बांग्लादेश की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने 23 के स्कोर पर अपने चार विकेट गवां दिये। पहले ही ओवर में केमर रोच ने जाकिर हसन (00) को बोल्ड कर वेस्टइंडीज को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद चौथे ओवर में जेडन सील्स ने महमूदुल हसन जॉय (06) को आउटकर बांग्लादेश को दूसरा झटका दिया। शहादत हुसैन (04), मोमिनुल हक (11) रन पर आउट हुये। इसके बाद लिटन दास और कप्तान मेहदी हसन मिराज ने पारी संभालने का प्रयास किया। शमार जोसफ ने लिटन दास (22) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। जेडन सील्स ने मेहदी हसन मिराज (45) को आउट कर बांग्लादेश को बड़ा झटका दिया। तैजुल इस्लाम (चार) रन सातवें विकेट के रूप में आउट हुये। चौथे दिन का खेल समाप्त होने के समय बांग्लादेश ने 31 ओवर में सात विकेट के नुकसान पर 109 रन बना लिये है और उसे जीत के लिए अभी 225 रनों की जरुरत है। जाकिर अली (15) और हसन महमूद (00) पर क्रीज पर मौजूद हैं। वेस्टइंडीज की ओर से केमर रोच और जेडन सील्स ने तीन-तीन विकेट लिये। शमार जोसफ ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले वेस्टइंडीज ने पहली पारी में जस्टिन ग्रीव्स (नाबाद 115), मिकाइल लुइस (97) और एलिक अथानाजे (90) की शानदार पारियों के दम पर नौ विकेट पर 450 रन पर पारी घोषित कर दी थी। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेश ने नौ विकेट 269 रन बनाने के बाद पारी घोषित कर दी थी। वेस्टइंडीज ने पहली पारी के आधार पर मिली 181 रनों की बढ़त के बाद दूसरी पारी में 152 रन बनाकर बांग्लादेश को जीत के लिए 334 रनों का लक्ष्य दिया था।

# वर्ल्ड चेस चैंपियनशिप में पहला मैच हारे गुकेश

● सिंगापुर,

**भारतीय** ग्रैंडमास्टर डी गुकेश सिंगापुर में चल रहे वर्ल्ड चेस चैंपियनशिप का पहला मैच हार गए हैं। उन्हें मौजूदा चैंपियन डिंग लिरेन ने हराया। इस हार के बाद भारतीय स्टार 14 मैच तक चलने वाले मुकाबले में 0-1 से पिछड़ गए हैं। वर्ल्ड चेस चैंपियनशिप के इतिहास में पहली बार ऐसा है कि दो एशियाई खिलाड़ी वर्ल्ड विजेता बनने के लिए एक-दूसरे से भिड़ रहे हैं।

18 साल के गुकेश ने सफेद मोहरों से शुरूआत की। उन्होंने गेम की शुरूआत में ही राजा के आगे वाले प्यादे को दो घर चलकर गलती कर दी। लिरेन ने इसका जवाब फ्रेंच डिफेंस से दिया। गुकेश ने वही रणनीति अपनाई जो विश्वनाथन आनंद ने 2001 में स्पेन के एलेक्सी शिरोव के खिलाफ पहला वर्ल्ड चैम्पियनशिप खिताब जीतने के समय अपनाई थी। गुकेश को 12वीं चाल तक आधे घंटे का फायदा था, लेकिन 8 चाल बाद लिरेन को अतिरक्त मिनट मिले, जिससे साबित हो गया कि वे शुरूआत की अपनी चुनौती से पार पा चुके हैं।

### डिफेंडिंग चैंपियन डिंग लिरेन ने हराया, चाइनीज प्लेयर ने 1-0 की बढ़त बनाई



इसके बाद उन्होंने दमदार वापसी करके 42 चालों में जीत दर्ज की।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक सैयद ज़की हैदर के लिए इरानीयन आर्ट प्रिंटर्स 1534 कासिमजान स्ट्रीट दरियागंज नई दिल्ली 11006 से मुद्रित कराकर, 2684 गली काले खां कूचा चलान दरियागंज नई दिल्ली 02 से प्रकाशित किया।
संपादक : सैयद ज़की हैदर- हैड ऑफिस :- एफ19/4 सेकेंड फ्लोर नफीश रोड जामिया नगर दिल्ली- 110025., सम्पर्क सूत्र :- 9911371802, 9810383593
जितेन्द्र कुमार बिस्वाल ब्यूरो चीफ उड़ीसा/ गोविंद कनोडिया/ पटना/ सैय्यद यूसुफ अली नक़वी-पॉलिटिकल एडिटर। ई-मेल:- dailyloktantra@gmail.com

किसी भी प्रकार के विवाद हेतु निपटारे के लिए केवल दिल्ली न्यायालय ही मान्य होगी।
नोट- किसी भी समाचार/आलेख पर दावा प्रति दावा/आपत्ति समाचार प्रकाशन के 15 दिनों के अन्तराल तक ही मान्य होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित आलेख से संपादक/प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

क्षेत्रीय कार्यालय अनवार मंजिल नया टोला गंज नंबर 01 बेतिया/ बिहार/ पिन नंबर 84 5438/>> संवाददाता, सना खान/(डॉ. अमानुल हक) स्थानीय संपादक/बिहार)

CMYK